हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 360, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 23 जून, 2023 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

## आधी आबादी को नकार कर सशक्त नहीं हो सकता समाज : सीएम योगी

### सामूहिक विवाह समारोह में मुख्यमंत्री ने नव जोड़ों को दिया आशीर्वाद

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधी आबादी को नकार कर कोई भी समाज सशक्त नहीं हो सकता। आधी आबादी के सशक्तिकरण के बिना विकास की अवधारणा को मूर्त रूप नहीं दिया जा सकता। समाज को सशक्त करने के लिए महिलाओं के प्रति अत्याचार को रोकना होगा, सशक्तिकरण के कदम उठाने होंगे। इसे समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार नारी गरिमा की रक्षा व सशक्तिकरण के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। सीएम योगी गुरुवार दोपहर में चंपा देवी पार्क मैदान में डेढ़ हजार जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दहेज की सामाजिक कुप्रथा के खिलाफ सामूहिक विवाह योजना एक सकारात्मक अभियान है। दहेज एक सामाजिक कुरीति है और दहेज मुक्त विवाह के अभियान में पूरे समाज को खड़ा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक दो लाख से अधिक शादियां करा चुकी है। 2017 के पूर्व प्रति



जोड़े विवाह पर 31 हजार रुपये खर्च किए जाते थे बाद में इसे बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दिया गया है। डबल इंजन की सरकार का यह सामूहिकता का प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार महिला सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस हर जरूरी कदम उठा रही है। हर बेटी, बहन के लिए सुरक्षा के वातावरण में पढ़ाई, रोजगार और सम्मान देने के कार्य पूरी प्रतिबद्धता से चलाए जा रहे हैं। प्रदेश में कन्या के जन्म से लेकर स्नातक की पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना चलाई जा रही है तो महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। कन्या की स्नातक की पढ़ाई के बाद उसकी शादी के लिए भी किसी को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, इसके लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना है। यह गांव की बेटी, सबकी बेटी की भावना के अनुरूप है। सीएम योगी ने महिला कल्याण के क्षेत्र में सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना आदि योजनाओं का भी जिक्र किया। सीएम योगी ने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए उनकी सरकार ने पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत महिलाओं की भर्ती को अनिवार्य कर दिया है। 1947 से लेकर 2017 तक यूपी पुलिस में महिला कार्मिकों की संख्या दस हजार थी, आज यह संख्या चालीस हजार है। 2017 के बाद महज छह वर्षों में यह संख्या चार गुना हो गई है। इस तरह के अभियान को गति देते हुए गोरखपुर में पीएसी की महिला बटालियन की स्थापना के कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस समारोह में डेढ़ हजार जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिन्दू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री ने उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से दो अल्पसंख्यक जोड़ों समेत दस नवयुगलों को प्रमाण पत्र और उपहार-शगुन किट भेंट किया। प्रमाण पत्र देने के दौरान मुख्यमंत्री ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद रविकिशन शुक्ल, कमलेश पासवान, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, विधायक श्रीराम चौहान, फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, महेंद्रपाल सिंह, विपिन सिंह, डॉ विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि भी उपस्थित रहे।

## अखिलेश यादव बोले, यूपी में कहीं नौकरी के बहाने तो कहीं खुलेआम राह चलते हो रही लूट



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में लूट और भ्रष्टाचार चरम पर है। सत्ता संरक्षण में कहीं नौकरी के बहाने तो कहीं खुलेआम राह चलते लूट की जा रही है। सरकारी विभागों में नौकरियां दिलाने के नाम पर आए दिन ठगी होती है। अखिलेश की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सिंचाई विभाग में संविदा पर 20 सहायक अभियंता, 26 अवर अभियंता और 39 कम्प्यूटर ऑपरेटरों को नियुक्ति पत्र जारी कर ठगा गया। सचिवालय में तो कई बार ठगों की कारस्तानी पकड़ी गई है। इनके तार मंत्री से लेकर आला अफसरों तक जुड़े होने की जांच चल रही हैं। होमगार्ड विभाग में भी कई घपले सामने आए हैं। कभी फर्जी नियुक्ति के केस पकड़े गए तो फर्जी ड्यूटी लगाने के भी मामले सुर्खियों में आए हैं। राजधानी में आए दिन चेन स्नैचिंग और मोबाइल छीनने की घटनाएं होती है। अखिलेश ने सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में ठगी और भ्रष्टाचार के बढ़ते मामले बिना सत्ता संरक्षण के तो नहीं हो सकते हैं।

## गिरिडीह में गरजे जेपी नड्डा, कहा- असली हीरो हैं पीएम मोदी, उनके साये में मजबूती से खड़ा भारत

गिरिडीह। गिरिडीह के झंडा मैदान में आज भाजपा की ओर से आहूत विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सबसे पहले हाथ हिलाकर कार्यकताओं का अभिनंदन किया। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश,पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास,केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी मौजूद रहे। जेपी नड्डा ने भारत माता की जय, जय जोहार से अपना संबोधन शुरू किया। सभा को संबोधित करने से पहले उन्होंने जैन धर्म के महान सब्त पारसनाथ को नमन किया और कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को नमन कर अपनी बात प्रारम्भ करता हूं।




उन्होंने सिधो कान्हो नीलाम्बर पीताम्बर, बुधु भगत, तिलका मांझी को भी नमन किया। अध्यक्ष ने कहा, मैं यहां मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सेवा सुशासन की बात करने आया हूं। हमारे पीएम बोलते हैं, तो दुनिया सुनती है। जेपी नड्डा ने आगे कहा, कल का दिन ऐतिहासिक था। जब 21 जून को भारत के पीएम यूनाइटेड नेशन के प्रांगण में योग की अपनी संस्कृति का पूरी दुनिया में प्रसार किया है। वह वहां के टॉप सीईओ से मिल रहे थे। एलन मस्क तक कह चुके हैं कि वह मोदी के प्रशंसक हैं। पीएम मोदी की तारीफों के पुल बांधते हुए वह आगे बोले, पीएम मोदी जब आस्ट्रेलिया गए थे तो उन्हें कोई ग्लोबल लीडर, कोई हीरो, कोई बदलाव के चीफ, तो कोई उन्हें महान देशभक्त कहकर बुलाया।

जबकि विपक्ष के लोग उन्हें सांप, बिच्छू आदि कहकर बुलाते हैं। वह आगे कहते हैं, दुनिया में आर्थिक मंदी है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, यूरोप में आर्थिक मंदी है। यूक्रेन में लड़ाई जारी है, कोरोना ने वार किया है, बावजूद इसके भारत मजबूती से खड़ा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगे कहा, 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व मे 14वें पायदान पर थी, आज इंग्लैंड को भी पछाड़ 5वीं अर्थव्यवस्था बनी है। भारत की गरीबी 5 प्रतिशत व अति गरीबी 1 प्रतिशत से कम रह गई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में झारखंड के लोगों को कई योजनाओं का लाभ मिला है। एक तरफ मोदी ने विकास की यात्रा बढ़ाई, दूसरी तरफ जेएमएम व कांग्रेस की सरकार ने झारखंड को पीछे धकेलने का काम किया है। यह तुष्टिकरण की सरकार है। इनकी वजह से प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा गई है, कानून व्यवस्था तोड़ने वालों का साथ दिया जा रहा है। लैंड सकैम, शराब घोटाला, अवैध खनन हेमंत से जुड़ा है।

## "अमित शाह से कहा है कि गरीबों को चावल देने में नफरत की राजनीति नहीं होनी चाहिए": सिद्धारमैया

नई दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कहा है कि गरीबों के लिए बनाई गई योजना के लिए राज्य को चावल की आपूर्ति में कोई "घृणा की राजनीति" नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने बुधवार रात शाह से मुलाकात की और राज्य की 'अन्न भाग्य' योजना के लिए चावल की आपूर्ति के संबंध में चर्चा की, जो बीपीएल परिवारों के प्रत्येक सदस्य के लिए 5 किलो अतिरिक्त चावल प्रदान करती है। सिद्धारमैया ने कहा "मैं कल रात अमित शाह से मिला। मैंने उनके ध्यान में लाया कि एफसीआई चावल की आपूर्ति करने के लिए सहमत हो गया था और इस संबंध में एक पत्र भी लिखा था, लेकिन अगले ही दिन अचानक उन्होंने कहा कि वे आपूर्ति नहीं कर सकते। ऐसा लगता है जैसे यहां राजनीति खेली गई है। इसमें कोई नफरत की राजनीति न हो, क्योंकि यह गरीबों को चावल उपलब्ध



कराने का कार्यक्रम है।" नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, "शाह ने मुझसे कहा कि वह संबंधित केंद्रीय मंत्री से बात करेंगे और वापस आएंगे।" सिद्धारमैया और उनके मंत्री पिछले कुछ दिनों से केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर यह आरोप लगा रहे हैं कि वह यह सुनिश्चित करके कांग्रेस प्रशासन की चुनावी गारंटी को "विफल" करने की साजिश रच रही है कि राज्य को खाद्य निगम से आवश्यक मात्रा में चावल नहीं मिले। वादे के मुताबिक, भारत 1 जुलाई से 'अन्न भाग्य' योजना शुरू करने जा रहा है। सिद्धारमैया ने आज यह भी कहा, उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री से राज्य के लिए आईआरबी (इंडियन रिजर्व बटालियन) की दो और बटालियन के लिए अनुरोध किया है।

## मायावती का नीतीश का पर तंज, बोलीं- विपक्षी नेताओं की पटना बैठक दिल मिले न मिले हाथ मिलाते रहिए की कहावत


लखनऊ। बसपा सुप्रीमों मायावती ने कहा कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ापन, अशिक्षा, जातीय द्वेष, धार्मिक उन्माद/हिंसा आदि से ग्रस्त देश में बहुजन के त्रस्त हालात से स्पष्ट है कि परमपूज्य बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के मानवतावादी समतामूलक संविधान को सही से लागू करने की क्षमता कांग्रेस, बीजेपी जैसी पार्टियों के पास नहीं है।



अब लोकसभा आम चुनाव के पूर्व विपक्षी पार्टियां जिन मुद्दों को मिलकर उठा रही हैं और ऐसे में नीतीश कुमार द्वारा कल 23 जून की विपक्षी नेताओं की पटना बैठक दिल मिले न मिले हांथ मिलाते रहिए की कहावत को ज्यादा चरितार्थ करता है। वैसे अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी को ध्यान में रखकर इस प्रकार के प्रयास से पहले अगर ये पार्टियां, जनता में उनके प्रति आम विश्वास जगाने की नजर से अपने गिरेबान में झांककर अपनी नीयत को थोड़ा पाक-साफ कर लेतीं तो बेहतर होता। मुंह में राम बगल में छुरी आखिर कब तक चलेगा? यूपी में लोकसभा की 80 सीट चुनावी सफलता की कुंजी कहलाती है, किन्तु विपक्षी पार्टियों के रवैये से ऐसा नहीं लगता है कि वे यहां अपने उद्देश्य के प्रति गंभीर व सही मायने में चिन्तित हैं। बिना सही प्राथमिकताओं के साथ यहां लोकसभा चुनाव की तैयारी क्या वाकई जरूरी बदलाव ला पाएगी?

## पिथौरागढ़ में 600 मीटर गहरी खाई में गिरी जीप, 10 लोगों की मौत; रेस्क्यू है जारी

पिथौरागढ़। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में दर्दनाक हादसा हुआ। बागेश्वर के सामा से पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी ब्लाक स्थित होकरा मंदिर जा रही एक जीप सड़क से पलट कर रामगंगा नदी में जा गिरी। वाहन में सवार दस लोगों की मौत हो गई। हादसे में अब तक 10 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इस हादसे की सूचना यहां से गुजर रहे दूसरे वाहन चालकों ने दी। यहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों की सूचना पर नाचनी थाने से पुलिस, तेजम से राजस्व और आपदा राहत बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल अति दुर्गम क्षेत्र में है। जीप करीब 600 मीटर से अधिक गहरी खाई से गिरते हुए नदी तक जा पहुंची। जबकि लोगों के शव खाई के बीच नजर आ रहे थे। खोयम के प्रधान हीरा सिंह मेहता का कहना है बीती रात्रि भारी वर्षा हुई। जिसके चलते सड़क पर नाला बहने लगा और



सड़क धंस गई। सड़क जानलेवा हो गई है। जहां सड़क धंसी है, उसी स्थान पर इतनी बड़ी दुर्घटना हुई है। सभी ग्रामीण रेस्क्यू कर रहे हैं। विधायक हरीश धामी ने जिला अधिकारी सहित जिले के आला अधिकारियों से बात की है। उन्होंने अधिकारियों से तत्काल होकरा पहुंच कर रेस्क्यू तेज करने को कहा है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के संबंध में वह मुख्यमंत्री से बात कर मृतक के परिवार जनों को उचित मुआवजा देने की मांग करेंगे। विधायक हरीश धामी ने इस भयानक दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। पिथौरागढ़ में हुई दर्दनाक दुर्घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक व्यक्त किया है। सीएम धामी ने ट्वीट ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने की कामना की है।

## तीन बच्चों समेत मां ने कुएं में लगाई छलांग, चारों की मौत, परदेस न ले जाने पर पति से थी नाराज

प्रतापगढ़। कोहंडौर थाना क्षेत्र के औरंगाबाद नरहरपुर गांव में एक महिला ने अपने तीन बच्चों के साथ कुएं में छलांग लगा दी। जिससे चारों की डूबने से मौत हो गई। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने चारों शवों को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी सोहनलाल बुधवार को परदेस चला गया। उसकी पत्नी प्रमिला देवी (35) पति के साथ परदेस जाने की जिद कर रही थी, लेकिन उसने पैसों का हवाला देकर साथ ले जाने में असमर्थता जताई। उसने पत्नी से कहा कि परदेस जाने के बाद पैसों की व्यवस्था कर उसे बुला लूंगा। पति के जाने के बाद प्रमिला देवी बेटी शिवानी (10), बेटा शिवांश (5) और छोटी बेटी सलोनी (3) को लेकर गांव के पास कुएं में कूद गई। सूचना पाकर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद चारों को बाहर निकलवाया गया। तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। एक साथ चार मौतों से परिवार गांव में कोहराम मच गया। सोहनलाल औरंगाबाद में रहकर नौकरी करता है। मंगलवार को वह परदेस जा रहा था। उसकी पत्नी भी साथ में



जाने की जिद पर अड़ी थी। कर्ज अधिक होने का हवाला देकर वह पत्नी और बच्चों को साथ नहीं ले गया और अकेले ही औरंगाबाद चला गया। यह बात पत्नी को काफी नागवार लगी। महिला घर से मायके जाने की बात कहकर घर से निकली थी। बाद में उसकी लाश बच्चों के साथ गांव के पास एक पुराने में कुएं में देखी गई।

## 2024 चुनाव के मद्देनजर मोदी सरकार पुरानी पेंशन में कर सकती है बड़ा बदलाव

### पुरानी पेंशन की तरह नई व्यवस्था की पेंशन के मिल रहे संकेत, नई पेंशन व्यवस्था में अंतिम वेतन का 40 से 45 फीसदी महीने पेंशन के तौर पर दिए जाने की उम्मीद

प्रखर डेस्क। पुरानी पेंशन को लेकर केंद्र व राज्य के कर्मचारी लगातार हमलावर रहते है। ज्यादातर सरकारी नौकरी के लोग पुरानी पेंशन के पक्ष में होते हैं। आए दिन पुरानी पेंशन को लेकर प्रदेश नहीं देश में कई आंदोलन देखने को मिलते हैं। ओपीएस को लेकर कांग्रेस सहित पूरा विपक्ष लगातार हमलावर रहता है। कई राज्यों में पुरानी पेंशन लागू हो चुकी है। इसी को देखते हुए मोदी सरकार भी पुरानी पेंशन पर नई स्कीम के तहत व्यवस्था करने के बारे में सोच रही है। क्योंकि 2024 का चुनाव मोदी सरकार के लिए काफी कठिन दिख रहा है। जिसको लेकर मोदी सरकार पुरानी पेंशन पर कोई बड़ा खेल खेल सकती है। बता दें कि हिमाचल, राजस्थान ,झारखंड, छत्तीसगढ़ व पंजाब जैसे राज्यों में सरकारें पुरानी पेंशन लागू कर चुकी है। अब अगले साल होने वाले चुनावों से पहले मोदी सरकार ओपीएस कार्ड खेल सकती है। सरकारी सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार सरकारी कर्मचारी को 40 से 45 फीसदी पेंशन उनके अंतिम वेतन के




आधार पर दिए जाने की उम्मीद है। बता दें कि अप्रैल महीने में केंद्र सरकार ने पेंशन सिस्टम को रिव्यू करने के लिए एक कमेटी का गठन भी किया था। नई पेंशन स्कीम को साल 2004 में लागू किया गया था। उसके पहले तक रिटायरमेंट के समय कर्मचारी को उसकी सैलरी के हिसाब से पेंशन मिलती थी। लेकिन 2004 में उसे बंद कर दिया गया । जिससे करोड़ों परिवारों को तगड़ा झटका लगा। 2014 के बाद लगातार कई विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में हारने के बाद विपक्षी दलों ने ओल्ड पेंशन स्कीम पर फोकस किया, जिसका उन्हें फायदा भी मिला। वर्तमान समय में नेशनल पेंशन स्कीम में कर्मचारी को अपने मूल वेतन का 10% और सरकार को 14% योगदान करना होता है। अंतिम भुगतान बाजार के रिटर्न पर निर्भर करता है और ज्यादातर फेडरल डेट में निवेश किया जाता है। इसके विपरीत ओल्ड पेंशन स्कीम में कर्मचारी के अंतिम वेतन के 50% पेंशन के रूप में गारंटी के तौर पर मिलता था। सूत्रो के अनुसार सरकार वर्तमान पेंशन में संशोधन करने की योजना बना रही है ताकि कर्मचारी को अंतिम वेतन का 40 से 45 फीसदी पेंशन मासिक के रूप में में सुनिश्चित किया जा सके। अगले साल लोकसभा चुनाव में अब महज कुछ महीने बाकी हैं। कांग्रेस कई राज्यों में पुरानी पेंशन लागू कर लाभ उठा चुकी है। इसी को देखते हुए कांग्रेस आने वाले लोकसभा चुनाव में पुरानी पेंशन को लेकर बड़ा दांव खेल सकती है। इसी को लेकर बीजेपी भी पुरानी पेंशन में बड़े बदलाव करके मुड़ में है। केंद्र सरकार कर्मचारियों को ज्यादा पेंशन का तोहफा दे सकती है, जिससे बीजेपी को 2024 में फायदा हो सके।

## विपक्षी एकता की बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे रालोद प्रमुख जयंत चौधरी

लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 23 जून को पटना में होने वाली बैठक में राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी हिस्सा नहीं लेंगे। हालांकि, उन्होंने पत्र लिखकर समर्थन जताया है। उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारित पारिवारिक कार्यक्रम के चलते वह बैठक में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। उन्होंने पत्र में लिखा है कि आज देश में अधिनायकवादी और सांप्रदायिक शक्तियां लोकतंत्र व सामाजिक समरता के लिए खतरा पैदा कर रही हैं ऐसे में विपक्षी दलों का एकजुट होना समय की मांग है। देश की अहम समस्याओं और चुनौतियों पर संवाद कर समूचा विपक्ष जनता के सामने एक दूरगामी, व्यावहारिक योजना प्रस्तुत कर सकता है। ऐसे में हम साथ मिलकर युवा, महिलाएं, किसान और वंचित समाज की आकांक्षाओं और विश्वास के साथ देश में सार्थक परिवर्तन ला सकते हैं। पटना में हो रही विपक्षी दलों की बैठक पर पूरे देश की नजरें टिकी हुई हैं। बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद रहेंगे। बिहार के मुख्यमंत्री



नीतीश कुमार विपक्षी एकता के लिए लगातार कोशिशें कर रहे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी इस पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में जो भी दल प्रभावी है सभी मिलकर उसका साथ दें। वहीं, यूपी में सपा की गठबंधन साथी रालोद का रुख प्रदेश में कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने पर है।

## संपादकीय

### हिंसा बनाम लोकतंत्र

अब यह तय हो गया है कि पश्चिम बंगाल में आठ जुलाई को केंद्रीय सुरक्षा बलों की निगरानी में पंचायत चुनाव कराए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इस बारे में कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश में दखल देने से इनकार करते हुए जो टिप्पणी की है, उसपर राजनीतिक दलों के साथ ही चुनाव कराने वाले नियामक तंत्र को भी गंभीरता से सोचना चाहिए। अदालत ने स्पष्ट कहा कि चुनाव कराना हिंसा का लाइसेंस प्राप्त करना नहीं है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव एक अहम प्रक्रिया है। अगर चुनाव को धनबल, बाहुबल या अन्य किसी भी तरीके से प्रभावित करने की कोशिश होती है तो इस प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं। पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद से ही बंगाल में राजनीतिक हिंसा जोर पकड़ने लगी है। नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इस दौरान हिंसा की खबरें आ रही हैं। वर्ष 2018 के स्थानीय निकाय चुनाव में केंद्रीय बलों की तैनाती नहीं हुई थी और एक तिहाई से ज्यादा सीटों पर तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार निर्विरोध जीत गए थे। अधिकांश सीटों पर विपक्षी दल अपने उम्मीदवार ही नहीं दे पाए थे। इस बार हाल कुछ बेहतर है। विपक्षी दलों को 341 ब्लाक में से सिर्फ लगभग 50 में परेशानी हुई है। हिंसा के ताजा दौर के घटनाक्रम गौर करने लायक हैं। 15 जून को कलकत्ता हाई कोर्ट ने पंचायत चुनाव में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के निर्देश दिए। बंगाल के राज्य चुनाव आयुक्त ने सरकार के आदेश का इंतजार करना बेहतर समझा। फिर राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग- दोनों ही सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए। किसी फैसले से सहमत नहीं होने पर ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाया जा सकता है, लेकिन क्या इससे चुनाव आयोग के दायित्व बोध का प्रमाण मिल रहा है? क्या नागरिक इस बात के लिए निश्चिंत हो पा रहे हैं कि चुनाव आयोग की निगरानी में वे सुव्यवस्थित तरीके से मतदान कर पाएंगे। उचित यह होता कि राज्य चुनाव आयोग संवेदनशील इलाकों की सूची तैयार करता और हिंसा की घटनाओं पर नजर रखता। राजनीतिक पकड़ के लिए सभी दल हर हथकंडे अख्तियार करना चाहते हैं, क्या इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था के उद्देश्य की पूर्ति होती है? बंगाल एक ऐसा राज्य है, जहां प्रत्येक चुनाव में बड़े पैमाने पर हिंसा होती है। वहां पंचायत चुनावों को लेकर शुरू हुई हिंसा जिस तरह थमने का नाम नहीं ले रही है, उससे यदि कुछ स्पष्ट हो रहा है तो यही कि राज्य सरकार या तो इस हिंसा को रोकने में समर्थ नहीं या फिर वह इसके लिए इच्छुक ही नहीं। इसका संकेत नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होते ही हिंसा और हत्या के सिलसिले पर मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों के बयानों से मिलता है। वे या तो हिंसा से इनकार कर रहे हैं या फिर उसके लिए विपक्षी दलों पर दोष मढ़ रहे हैं। ऐसा संवेदनहीन रवैया उपद्रवियों का दुस्साहस बढ़ाने वाला है। ऐसे रवैए का परिचय तब दिया जा रहा है, जब अभी तक कम से कम आठ लोगों की चुनावी हिंसा में जान जा चुकी है।

### है होना जुटान !



चढ़ा सियासी पारा ।
है होना जुटान ।।
सबको साथ लाने का ।
है बड़ा अभियान ।।
आ रहीं कुछ अड़चनें ।
लेकिन करना दूर ।।
है पूरा उत्साह ।
प्यार भी भरपूर ।।
छिटक न जाए कोई ।
चल रहा उपाय ।।
करना उनको आगे ।
रहते जो सहाय ।।
समय लेकिन आज ।
पड़ा है ऐसा आन ।।
मांग रहे हैं सारे ।
खुद का जीवनदान ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# आग उगलता आसमान गहरे संकट का संकेत



मध्य जून तक सम्पूर्ण उत्तर भारत मानसूनी हवाओं की जद में आ जाता हैं। परन्तु इस बार दो तिहाई जून का महीना बीत गया पर मानसून का कहीं अता-पता नहीं है। मानसून के रूठने से वातावरण में तापमान अप्रत्याशित रूप से बढता जा रहा है। बढते तापमान के कारण पड रही भयंकर गर्मी से लोग-बाग बिलबिलाने लगें हैं और संगमरमर के मकान लगभग खौलने लगे हैं। इस अप्रत्याशित गरमी और लूँ के थपेडों से पेड पौधे भी झुलसने लगे। इस अप्रत्याशित गरमी और लूँ के थपेडों से होने वाली मौतों ने कोरोना काल की याद ताजा कर दिया हैं। पूरी रात घटते-बढते चाँद और टिमटिमाते सितारों से भरे- पूरे जिस आसमान को रात भर एकटक निहारते- निहारते मन नहीं भरता उस आसमान से दिन में नजर मिलाने की हिम्मत नहीं हो रही हैं। अगर हम सामूहिक रूप से गम्भीरता के साथ सजग और सचेत नहीं हुए तो भविष्य में हमारा आसमान आग उगलने लगेगा । इसलिए आज हमें फिर से अपनी पृथ्वी, प्रकृति, पर्यावरण और विकास की वर्तमान संकल्पना के बारे में गम्भीरता से जानने समझने और प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल करने पर चिंतन मनन करना होगा। आज जीवाश्म ईंधन का प्रयोग निरंतर बढता जा रहा है। जिसके कारण पर्यावरण में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता। ग्रीन हाउस गैसों के प्रभाव से धरती और समन्दर दोनों गरम होते जा रहे हैं। अत्यधिक गरमी बढने से सूक्ष्म जीव जन्तुओं और कीडो-मकोडो के जीवन पर संकट मंडराने लगें हैं। यह हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अशुभ संकेत है। सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक आइनस्टाइन ने कहा था कि-केवल कीडे-मकोड़े तीन-चार वर्षों के लिए खत्म हो जाए तो दुनिया पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

आज से लगभग साढे चार अरब वर्ष पहले पृथ्वी भी अन्य ग्रहों की तरह आग का दहकता हुआ गोला थी। परन्तु पर्यावरण में कुछ रासायनिक क्रियाएं हूई तदुपरान्त पृथ्वी ठंडी हूई बादल बने बारिश हूई तथा पृथ्वी पर जल भराव हुआ। इन्हीं जल भरावो में जीवन की सम्भावना बनी। इस तरह का कुदरती करिश्मा केवल पृथ्वी के साथ हुआ। इसलिए सौरमण्डल के सभी नौ ग्रहों में केवल पृथ्वी पर जीवन और प्रचुर मात्रा में जैव विविधता पाई जाती हैं। इसलिए पृथ्वी को अद्भुत ग्रह कहा जाता हैं। पृथ्वी समस्त जीवों का पालन पोषण तो करती हैं मनुष्य के शौक श्रृंगार को भी पूरा करती हैं। मनुष्य सहित समस्त जीव जंतुओं को स्वस्थ जीवन प्रदान करने वाली पृथ्वी ही अगर अस्वस्थ, प्रदूषित और कुपोषित हो गई तो हमारी भावी पीढ़ियों का जीवन संकट में पड जायेगा। पृथ्वी अनगिनत जीव जंतुओं का प्रसव प्रांगण के साथ-साथ सभी प्राणियों का क्रीडांगन भी हैं। विकास की अंधी दौड़ में मनुष्य जिस तरह प्राकृतिक संसाधनों का निर्ममता पूर्वक शोषण कर रहा है उससे सम्पूर्ण पृथ्वी को आच्छादित करने वाला पर्यावरण निरन्तर प्रदूषित होता जा रहा हैं। अगर प्राकृतिक संसाधनों का विदोहन इसी तरह जारी रहा और इसी रफ्तार से हमारा पर्यावरण प्रदूषित होता रहा तो भावी पीढियों की किलकारियों के स्वर , भौरौ के गुंजन, पक्षियों के कलरव और दिगदिगंत तक गुंजित होने वाले गीतों के स्वर मद्धिम हो जायेगे । इसलिए अपनी प्यारी पृथ्वी और पृथ्वी के पर्यावरण को बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। बुलेट ट्रेन की रफ्तार से बेशुमार दौलत कमाने की आसमानी महत्वाकांक्षा रखने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने लगभग पूरी पृथ्वी को अपनी मुट्ठी में भींच लिया है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा जिस निर्मम्ता और निर्लज्जता से प्राकृतिक संसाधनों का विदोहन किया जा रहा है उससे हवा, पानी, धरती और आसमान बुरी तरह प्रदूषित होते जा रहे हैं। इस तरह हमारी पृथ्वी और पर्यावरण के अस्तित्व पर संकट आ गया हैं। पृथ्वी के अस्तित्व को बचाने की गरज से अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 मे पृथ्वी दिवस मनाने की परिकल्पना प्रस्तावित की। तबसे यह परम्परा स्थापित हूई कि- हर वर्ष 22 अप्रैल को विश्व के सभी देश पृथ्वी दिवस के रूप में मनायेगे। इसी तरह पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए हर वर्ष 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

यह सर्वविदित तथ्य हैं कि- विकास करने और खुशहाल जीवन जीने में प्राकृतिक संसाधन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परन्तु इन संसाधनों का मूर्खतापूर्ण उपभोग और उपयोग अनगिनत प्रकार की सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय समस्याएं पैदा कर सकता हैं। इसलिए भावी पीढियों को ध्यान में रखते हुए विकास की योजनाए निर्धारित करनी होगी तथा संसाधनों का संरक्षण आवश्यक है। इसलिए प्रायः अत्यंत प्राचीन काल से प्रत्येक समाज में चिंतक और विचारक संसाधनों के संरक्षण पर अपने विचार प्रकट करते रहे हैं। इस संबंध में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है कि- प्रकृति में प्रत्येक की आवश्यकता पूरी करने के लिए सबकुछ है परन्तु किसी की लालच को पूरा करने के लिए नहीं। अर्थात हमारे पेट भरने के लिए बहुत है लेकिन पेटी भरने के लिए नहीं। महात्मा गाँधी के अनुसार संसाधनों के ह्रास्व के लिए स्वार्थी व्यक्ति तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी की शोषणकारी प्रवृत्ति जिम्मेदार हैं । इसलिए वह व्यापक जन भागीदारी द्वारा लघु कुटीर उद्योग धंधों पर आधारित अर्थव्यवस्था के पक्षधर थे। अंतराष्ट्रीय स्तर पर व्यवस्थित तरीके से संसाधनों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल और संसाधन संरक्षण की वकालत 1968 मे क्लब ऑफ रोम ने की। इसके बाद 1974 मे शुमेसर ने अपनी पुस्तक "स्माल इज ब्यूटीफुल " में इस विषय पर गांधी जी के दर्शन को एक बार फिर से दोहराया हैं। 1987 मे ब्रुन्ड्टलैंड आयोग रिपोर्ट द्वारा वैश्विक स्तर पर संसाधन संरक्षण में मूलाधार योगदान किया गया। इस रिपोर्ट ने सतत पोषणीय विकास की संकल्पना प्रस्तुत की और संसाधन संरक्षण की वकालत की। सतत पोषणीय विकास का अर्थ है भावी पीढ़ियों के भविष्य को ध्यान में रखकर और पर्यावरण कोई क्षति पहुंचाएं बिना संसाधनों का प्रयोग करना।

तीव्र औद्योगीकरण, नगरीकरण और आधुनिकीकरण की चाहत में पृथ्वी के प्राकृतिक भूगोल ,भूसंरचना भू-आकृति और भौगोलिक विन्यास को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया गया। इन चाहतो में पागल मानवीय महत्वाकांक्षाओं ने जल प्रबंधन के अधिकांश परम्परागत निर्मितियों कुओं तालाब पोखरे जोहड़ और बावडियो को बेरहमी से पाट दिया गया। इसका स्वाभाविक परिणाम यह देखने को मिलता है कि- आज देश के मेगा शहर अत्यधिक जल भराव के शिकार हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों में भौमिक जल स्तर काफी नीचे चला गया है। इसलिए भारत के लगभग छह लाख गांवो में जल संकट गहराता जा रहा हैं। जल संकट के अतिरिक्त औद्योगिक विकास शहरीकरण और नगरीकरण के कारण प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध शोषण हुआ है। इस अंधाधुंध शोषण के फलस्वरूप पारिस्थितिकीय असंतुलन, भूमंडलीय तापन, ओजोन परत का क्षरण पर्यावरण प्रदूषण और भूमि निम्मनीकरण जैसी समस्याएं उत्पन्न हूई है।

बेतहाशा बढती जनसंख्या के भरण-पोषण के लिए अधिक अनाज उत्पादन का दबाव बढता जा रहा हैं। अधिक अनाज उत्पादन के लिए अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों, प्रयोग, खरपतवारनाशी और कीटनाशक दवाओं के अत्यधिक प्रयोग के कारण हमारी धरती अत्यधिक प्रदूषित होती जा रही ह हैं और भूमि की गुणवत्ता में निरंतर गिरावट आती रही। जिसके फलस्वरूप अनगिनत बीमारियाँ पाँव पसार रहीं हैं तथा हमारी समृद्ध जैव विविधता क्षीण होती जा रही हैं। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों, खरपतवार नाशी और कीट नाशक दवाओं के प्रयोग के कारण अनगिनत जीव जंतु और अनगिनत वनस्पतियां विलुप्त होने के कगार पर पर हैं। इसलिए जिस तरह हम अपने लिए अपने सपनों के घर की देखभाल करने के लिए चितिंत रहते हैं उसी मनुष्य सहित समस्त जीव जंतुओं के प्राकृतिक आवास पृथ्वी के बारे में भी चिंतन करना चाहिए।

**मनोज कुमार सिंह प्रवक्ता**
**लेखक/ साहित्यकार /उप सम्पादक**
**कर्मश्री मासिक पत्रिका**

# भारत में नवजात बच्चों की मौत की दर अब भी बहुत अधिक है

नवजात शिशुओं की उचित सुरक्षा ना हो पाने के कारण दुनिया में बहुत सारे बच्चे मौत के आगोश में चले जाते है। भारत में नवजात शिशुओं की मौत की दर बहुत अधिक है। हालांकि सरकार ने इसे रोकने कि दिशा में सार्थक प्रयास किये हैं जिनकी बदौलत देश में शिशु मृत्यु दर में कमी आयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के अनुसार देश 2030 तक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) प्राप्त करने की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा है कि एसआरएस 2020 ने 2014 से शिशु मृत्यु दर में लगातार गिरावट दिखाई है।

भारत में नवजात बच्चों की मौतों के मामलों में सरकार के लिए बीते 75 साल बड़ी चुनौती भरे रहे हैं। हालांकि इसमें लगातार कमी आ रही है। सरकार की ओर से जो आंकड़े जारी किये गए हैं उसके मुताबिक 1951 में जहां प्रति 1000 नवजात बच्चों में 146 की मौत हो जाती थी। वहीं 2022 में यह संख्या घटकर 28 तक आ गई है। ये आंकड़े उन बच्चों से जुड़े हैं जिनकी मौत जन्म के एक साल के अंदर हो जाती है। पिछले एक दशक में ग्रामीण क्षेत्रों की शिशु मृत्यु दर में 35 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 34 प्रतिशत की गिरावट आई है। नवजात मृत्यु दर भी 2019 में प्रति 1000 जीवित शिशुओं में से 22 के मुकाबले दो अंक घटकर 2020 में 20 रह गई। रिपोर्ट के अनुसार देश के लिए कुल प्रजनन दर (टीएफआर) भी 2019 में 2.1 से घटकर 2020 में 2.0 हो गई है। बिहार में 2020 के दौरान उच्चतम टीएफआर (3.0) दर्ज गई जबकि दिल्ली, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में न्यूनतम टीएफआर (1.4) दर्ज की गई। इसके अनुसार छह राज्यों- केंद्र शासित प्रदेशों, केरल (4), दिल्ली (9), तमिलनाडु (9), महाराष्ट्र (11), जम्मू और कश्मीर (12) और पंजाब (12) ने पहले ही नवजात मृत्यु दर के एसडीजी लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार ग्यारह राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (यूटी)- केरल (8), तमिलनाडु (13), दिल्ली (14), महाराष्ट्र (18), जम्मू कश्मीर (17), कर्नाटक (21), पंजाब (22), पश्चिम बंगाल (22), तेलंगाना (23), गुजरात (24) और हिमाचल प्रदेश (24) पहले ही यू5एमआर के एसडीजी लक्ष्य को प्राप्त कर चुके हैं। नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) सांख्यिकीय रिपोर्ट



2020 के अनुसार भारत में पांच वर्ष से कम उम्र के शिशुओं की मृत्यु दर (यू5एमआर) में 2019 से तीन अंकों की (वार्षिक कमी दर 8.6 प्रतिशत) देखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में पांच वर्ष से कम आयु में मृत्यु दर 2019 में प्रति 1,000 जीवित शिशुओं में से 35 के मुकाबले 2020 में घटकर 32 रह गई है। रिपोर्ट के अनुसार शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) में भी 2019 में प्रति 1000 जीवित शिशुओं में से 30 के मुकाबले 2020 में प्रति 1000 जीवित शिशुओं में से 28 के साथ दो अंकों की गिरावट दर्ज की गई है और वार्षिक गिरावट दर 6.7 प्रतिशत रही। रिपोर्ट के अनुसार अधिकतम आईएमआर मध्य प्रदेश (43) और न्यूनतम केरल (6) में देखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार देश में आईएमआर 2020 में घटकर 28 हो गया है। जो 2015 में 37 था। पिछले पांच वर्षों में नौ अंकों की गिरावट और लगभग 1.8 अंकों की वार्षिक औसत गिरावट आई है। इसमें कहा गया है कि इस गिरावट के बावजूद राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक 35 शिशुओं में से एक ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक 32 शिशुओं में से एक और शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक 52 शिशुओं में से एक की अभी भी जन्म के एक वर्ष के भीतर मृत्यु हो जाती है। रिपोर्ट के अनुसार देश में जन्म के समय लिंग अनुपात 2017-19 में 904 के मुकाबले 2018-20 में तीन अंक बढ़कर 907 हो गया है। केरल में जन्म के समय उच्चतम लिंगानुपात (974) है जबकि उत्तराखंड में सबसे कम (844) है। भारत ने पिछले पांच दशकों में भले ही चिकित्सा क्षेत्र में प्रगति करते हुए शिशु मृत्यु दर पर काबू पाया है। लेकिन आज भी शिशुओं की मौत बड़ा सवाल है। वर्तमान में प्रत्येक एक हजार शिशुओं में से 28 की मौत एक साल का होने से पहले ही हो जाती है। देश में स्वास्थ्य सम्बन्धी चीजों की कमी के कारण यह समस्या और बढ़ जाती है। सरकारों ने इस समस्या से निपटने के लिए बहुत-सी योजनायें लागू की हैं। मगर बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा जागरूकता की कमी के कारण शिशुओं की मृत्यु दर में पूर्णतया कमी नहीं आई है। उचित पोषण के भाव में अब भी कई बच्चे दम तोड़ देते हैं। ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की कमी एवं प्रशिक्षित नर्सों व दाइयों की कमी के कारण भी विभिन्न प्रकार की समस्यायें उत्पन्न होती हैं।

शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार शिशु जन्म के एक घंटे के भीतर मां का दूध पिलाना चाहिए। माँ के गाढ़े पीले दूध में सर्वाधिक मात्रा में संक्रमण-रोधी तत्त्व मौजूद होता है। जिसे कोलोस्ट्रम कहा जाता है। इसमें बड़ी मात्रा में विटामिन ए के साथ 10 प्रतिशत तक प्रोटीन होता है। जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम होता है। 6 माह तक शिशुओं को केवल स्तनपान कराया जाना चाहिए। जिसमें मां के दूध के अलावा कोई अन्य दूध, खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ और यहां तक पानी भी नहीं पिलाना चाहिए। इससे शिशु डायरिया, निमोनिया, अस्थमा एवं एलर्जी से बचा रहता है।

जीडीपी के प्रतिशत के रूप में भारत के स्वास्थ्य खर्च को दुनिया के औसत और अन्य विकासशील और विकसित देशों से काफी नीचे छोड़ देता है। भारत का खर्च नेपाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे देशों से तो ज्यादा है। मगर यूनाइटेड किंगडम, न्यूजीलैंड, फि नलैंड, नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों की तुलना में जो अपने कुल सकल घरेलू उत्पाद का 9 प्रतिशत से अधिक स्वास्थ्य पर खर्च करते हैं, उनसे भारत बहुत पीछे है। इसी तरह, जापान, कनाडा, स्विट्जरलैंड, फ्रांस, जर्मनी स्वास्थ्य सेवाओं पर अपनी कुल जीडीपी का कम से कम 10 प्रतिशत खर्च करते हैं।

# 1 हजार मंदिरों में वस्त्रसंहिता; जबकि पूरे वर्षतक लव जिहाद के विरुद्ध अभियान चलाएंगे ! – सद्गुरु (डॉ.) चारुदत्त पिंगळेजी

महाराष्ट्र मंदिर महासंघ की ओर से महाराष्ट्र के 131 मंदिरों में वस्त्रसंहिता लागू होने पर अब कर्नाटक, छत्तीसगढ, देहली, उत्तर प्रदेश आदि अनेक राज्यों में भी मंदिर महासंघ की स्थापना करने की मांग आई है । उसके अनुसार संबंधित राज्यों में महासंघ स्थापित किए जाएंगे, साथ ही 1000 से अधिक मंदिरों में वस्त्रसंहिता लागू करने का लक्ष्य निश्चित किया गया है । साथ ही दि केरला स्टोरी फिल्म के उपरांत संपूर्ण देश में लव जिहाद की विभिषिका दशार्नेवाले अनेक प्रकरण उजागर हो रहे हैं । ऐसी स्थिति में हिन्दू लडकियों एवं अभिभावकों में बडे स्तर पर जनजागरण करना आवश्यक होने से लव जिहाद के विरुद्ध संपूर्ण वर्ष अभियान चलाया जाएगा, साथ ही हिन्दू राष्ट्र की स्थापना के उद्देश्य से हिन्दूहित के उपक्रमों को गति प्रदान करने के लिए जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दू संगठनों का एकत्रीकरण कर संपूर्ण देश में हिन्दू राष्ट्र समन्वय समितियों की स्थापना की जाएगी, ऐसी जानकारी हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय मार्गदर्शक सद्गुरु (डॉ.) चारुदत्त पिंगळे ने वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव के समापन की पत्रकार परिषद में दी ।

फोंडा, गोवा में आयोजित पत्रकार परिषद में वे बोल रहे थे । इस अवसर पर त्रिपुरा के शांति काली आश्रम के पू. चित्तरंजन स्वामी महाराज, गोमंतक मंदिर महासंघ के सचिव श्री. जयेश थळी, हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री. रमेश शिंदे एवं हरियाणा की विवेकानंद कार्य समिति के अध्यक्ष श्री. नीरज अत्री उपस्थित थे ।




सद्गुरु (डॉ.) चारुदत्त पिंगळे ने आगे कहा कि, जो हिन्दूहित की केवल बात नहीं, अपितु हिन्दूहित का कार्य करेगा, इस नीति के अनुसार हिन्दू राष्ट्र तथा हिन्दूहित के सूत्रों पर कार्य करने का वचन देनेवाले राजनीतिक दल तथा प्रामाणिक जनप्रतिनिधियों को ही वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में हिन्दुओं का समर्थन मिलेगा, यह निश्चय सभी ने व्यक्त किया । इस अधिवेशन में नेपाल एवं भारत के 22 राज्यों के 350 से अधिक संगठनों के 725 से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित थे ।

हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री. रमेश शिंदे ने कहा कि, इस अधिवेशन में भारत एवं नेपाल को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने; लव जिहाद, धर्मांतरण एवं गोवंश हत्या के विरुद्ध कठोर कानून बनाने; हलाल सर्टिफिकेशन पर प्रतिबंध लगाने; मंदिरों का सरकारीकरण निरस्त करने; प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट एवं वक्फ कानूनों को निरस्त करने; जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने; कश्मीरी हिन्दुओं का पुनर्वास आदि विषयों पर हर हर महादेव के जयघोष में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए ।

इसके साथ ही इस अधिवेशन में आनेवाले संपूर्ण वर्ष में हिन्दू राष्ट्र की स्थापना के संदर्भ में समाज में जागृति लाने के लिए समानसूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत लव जिहाद, साथ ही हलाल जिहाद के संदर्भ में जनजागरण बैठकें एवं आंदोलन, हिन्दू राष्ट्र समन्वय समिति, हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन, मंदिरों में उद्बोधन बैठकें आयोजित करना, राज्यस्तरीय मंदिर परिषद आयोजित करना आदि विभिन्न उपक्रम चलाना सुनिश्चित किया गया है ।

इस अवसर पर गोमंतक मंदिर महासंघ के सचिव श्री. जयेश थळी ने कहा कि इस अधिवेशन में संपूर्ण देश से मंदिरों के न्यासी सम्मिलित थे । उसमें मंदिरों को सरकारीकरण एवं अतिक्रमणों से मुक्त करने की प्रमुख मांग के साथ संपूर्ण देश में मंदिर संस्कृति रक्षा एवं संवर्धन के लिए कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ, देहली इन राज्यों में राज्यस्तरीय मंदिर परिषदों का आयोजन करना सुनिश्चित हुआ है । उसके द्वारा 1000 मंदिरों में वस्त्रसंहिता लागू करने के लिए प्रयास किए जाएंगे, साथ ही मंदिरों की पवित्रता बनाए रखने के लिए मदिरा-मांस मुक्त मंदिर परिसर अभियान चलाया जाएगा ।

त्रिपुरा के शांति काली आश्रम के पू. चित्तरंजन स्वामी महाराज ने कहा कि संपूर्ण देश में विशेषरूप से ईशान्य के राज्यों में हिन्दुओं का धर्मांतरण एक बडी समस्या है । वीर सावरकरजी ने धर्मांतरण राष्ट्रांतरण होने की जो बात कही थी, उसका हम मणीपुर में चल रही हिंसा से अनुभव कर रहे हैं । ऐसी घटनाएं अन्य राज्यों में न हों; इसके लिए धर्मांतरणविरोधी कानून बनाने की तुरंत आवश्यकता है । इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में हिन्दुओं को धर्मशिक्षा देनेवाले केंद्र बनाए जाने चाहिए ।

हरियाणा की विवेकानंद कार्य समिति के अध्यक्ष श्री. नीरज अत्री ने कहा कि देश की रक्षा के लिए तथा हिन्दुओं में जागृति लाने के लिए दिए जानेवाले वक्तव्यों को हेट-स्पीच प्रमाणित कर हिन्दुओं पर एक पक्षीय कार्यवाही की जा रही है । इसके संदर्भ में किस प्रकार से कानूनी लडाई लडी जा सकती है, इस पर भी संपूर्ण देश से आए अधिवक्ताओं ने विचारमंथन किया है । अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लानेवाले दबाव में न आकर इसके आगे भी हिन्दुओं को जागृत करने का कार्य और अधिक गति से करने का निश्चय व्यक्त किया गया ।

इस अधिवेशन का हिन्दू जनजागृति समिति के यू-ट्यूब चैनल HinduJagruti तथा फेसबुक पृष्ठ facebook.com/hjshindi1 से सीधा प्रसारण किया गया, जिसका देश-विदेशों के 16,70,680 लोगों ने लाभ उठाया।

# जिला चिकित्सालय पर मरीजों का शोषण जारी, मरीज निजी मेडिकल स्टोर से दवा लेने को बाध्य

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का मकसद लोगों को कम कीमत पर अच्छी दवाएं उपलब्ध कराना है। गोराबाजार स्थित जिला अस्पताल, नगर कोतवाली के पास स्थित जिला महिला अस्पताल, सैदपुर, मुहम्मदाबाद में यह केंद्र स्थापित है। सरकारी अस्पतालों के डाक्टर पर्चियों पर जेनेरिक दवाएं नहीं लिखते हैं।जिससे गरीब मरीजों को जन औषधि केंद्रों का लाभ नहीं मिलता है। जिले में जन औषधि केंद्र पर उपलब्ध दवाएं चालीस से नब्बे फीसदी तक सस्ती दवाएं मिलती हैं। मेडिकल कॉलेज हास्पिटल, जिला महिला अस्पताल, सीएचसी पर स्थापित जन औषधि केंद्र से सस्ती दवा आज तक मरीजों को उपलब्ध नहीं हो सकी है। मरीजों ने बताया कि स्थिति तो यह है कि इस केंद्र पर कहने को सस्ती दवा मिलती है, पर महंगी दवा ही उपलब्ध कराई जाती है। ऐसे में अधिकांश मरीज दवा की पर्ची से इस केंद्र से दवा लेने के बजाए बाहर के मेडिकल स्टोरों से दवा खरीदने को विवश हैं। मरीजों को रक्तचाप, मधुमेह सहित अन्य गंभीर बीमारियों के अलावा एंटीबायोटिक दवा भी आसानी से उपलब्ध नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित इन औषधि केंद्रों की हालत काफी खराब है। जिला चिकित्सालय गाजीपुर में निरीक्षण के दौरान संजय यादव ने बताया जीवन रक्षक दवाएं प्रदान करने के लिए खोला गया जन औषधि केंद्र केवल शोपीस बनकर रह गया है। बुखार और खांसी की दवा के अलावा यहां एंटीबायोटिक दवा नहीं मिलता है।



जन औषधि केंद्र के खुलने और बंद होने का भी कोई समय निर्धारित नहीं है। दवाइयों के लिए इधर-उधर की धूल जानते हुए राधेश्याम यादव ने बताया जन औषधि केंद्र पर दवाओं का अभाव है। डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवा मांगने पर केंद्र पर तैनात कर्मचारी द्वारा कोई माकूल जवाब भी नहीं मिलता है। दवाएं उपलब्ध ही नहीं रहती हैं। इससे काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार जिला चिकित्सालय के दूर व्यवस्था को देखते हुए चंद्रशेखर और विनोद ने बताया जन औषधि केंद्र स्थापित कराया गया कि लोग लाभांवित होंगे लेकिन स्थितियां कुछ और ही है। सामान्य बीमारियों के अलावा कोई महत्वपूर्ण दवाएं नहीं मिलती हैं। ऐसे में निजी मेडिकल स्टोरों से अधिक कीमत पर दवाएं खरीदनी पड़ती हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विष्णु के निरीक्षण के दौरान सरकारी अस्पताल की दूर व्यवस्था के बारे में मोहम्मद राशिद ने बताया ब्लाक केंद्र मुख्यालय पर एक कमरे में स्थापित जन औषधि केंद्र सिर्फ औपचारिक कहा जा सकता है। इस औषधि केंद्र पर कौन सी दवा उपलब्ध है और कौन सी दवा उपलब्ध है। उसकी भी सूची नहीं है।



राशिद



विनोद



चंद्रशेखर



राधेश्याम यादव



संजय यादव

## फामेर्सी के 40 छात्रों को एसडीएम के हाथों मिला टैबलेट, टैबलेट पाकर खुशी से चहके छात्र




प्रखर थानागद्दी जौनपुर। शिक्षा की नई- नई नीतियों को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा वितरित किया जा रहा है टैबलेट। छात्रों को पढाई में अहम सुविधा प्रदान करने में कारगर है। इसका उपयोग कर के छात्र अपने जीवन पर पढाई को और बेहतर बना सकते हैं। उक्त बातें एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा ने केराकत क्षेत्र के उदयचंदपुर गांव स्थित आर पी एस कॉलेज ऑफ फामेर्शी में आयोजित टैबलेट वितरण कार्यक्रम में कही। एसडीएम ने इस दौरान कॉलेज के 40 छात्रों को टैबलेट वितरित किया। टैबलेट पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आप लोग अपने पढाई के दौरान खास लक्ष्य बनाकर पढाई करते रहे, कामयाबी जरूर मिलेंगी। कार्यक्रम के उपरांत टैबलेट वितरण के आयोजक एसडीएम को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान नायब तहसीलदार अमित कुमार, कृष्णा यादव आदि मौजूद रहे।

## डोभी स्टेशन रोड पर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए क्षेत्रवासियों ने भरी हुंकार

प्रखर चंदवक जौनपुर। जीवन में कुछ बड़ा पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है और संघर्ष करने के लिए हौसलों का होना जरूरी होता है। इस पक्ति को चरितार्थ करने वाले क्षेत्र के युवा नौजवान ने अपने संघर्षों के बदौलत क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है, जी हम बात कर रहे बोडसर गांव निवासी किसान नेता व समाजसेवी अजीत सिंह की जिन्होंने कम समय में क्षेत्र के विकास के लिए संघर्ष कर क्षेत्रवासियों के चहेते बने हुए है। एक बार फिर अजीत सिंह ने क्षेत्रवासियों के समक्ष डोभी स्टेशन रोड को रोशनी युक्त करने की मुहिम छेड़ सहयोग मांगा।अजीत सिंह ने अंधेरे से होकर गुजर रहे यात्रियों के इस पीड़ा को समझ अपने फेसबुक पेज पर "डोभी का विकास आपसे नही हो सकेगा सांसद जी व बीडीओ साहब" पोस्ट कर क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि डोभी को शर्मसार होने से आप और हम बचा सकते है क्योंकि डोभी स्टेशन पर पहले की अपेक्षा आज अन्य प्रदेशों के लिए ट्रेनों का आवागमन ज्यादा है ऐसे में अगर रात के अंधेरे में ट्रेन पकड़ने आये यात्रियों के साथ कोई अप्रिय घटना घटती है तो हम सभी क्षेत्रवासियों को शर्मसार होना पड़ सकता है। जिसके बाद क्षेत्रवासियों ने इस मुहिम में बढ़ चढ़ हिस्सा लेना शुरू किया। जिसका

### बिंद्राबाजार के बिजनेसमैन अब्दुल रहमान ने किया दस हजार राशि का सहयोग

नतीजा यह हुआ कि क्षेत्र ही नही बल्कि आजमगढ़ बिन्द्राबाजार के बड़े कारोबारी में शुमार अब्दुल रहमान मुहिम का हिस्सा बन दस हजार रुपये का सहयोग देने के साथ ही मुहीम की सराहना की।

**क्षेत्रवासियों के सहयोग से डोभी स्टेशन को करेंगे रोशनी युक्तः अजीत सिंह**– मुहीम की अगुवानी कर रहे अजीत सिंह ने बताया कि डोभी स्टेशन का निर्माण 20 मार्च 1904 में अंग्रेजी शासनकाल में किया गया, आज लगभग 119 वर्ष हो गया मगर आज तक इंडो नेपाल हाईवे से महज दो सौ मीटर दूर स्टेशन रोड को अंधेरे से दूर नहीं किया।अंधेरे को लेकर किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान आज तक आकृष्ट नही हुआ क्षेत्र के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी को एक जुट होकर क्षेत्र के विकास के लिए आगे आना होगा, तभी क्षेत्र का विकास संभव है स्ट्रीट लाइट के इस मुहिम में क्षेत्रवासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस मुहीम में पड़ोसी जनपद आजमगढ़ का सहयोग मिलना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। अब तक लगभग बीस हजार का आर्थिक सहयोग मिल चुका है, बहुत जल्द ही स्ट्रीट लाइट का कार्य किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। स्टेशन रोड को दूधिया रोशनी से जगमगाता देख क्षेत्रवासी अपने आप को गौरवान्वित महसूस करने के साथ ही स्टेशन पर माता वैष्णो कटरा व गोन्दिया ट्रेन के ठहराव की मांग को एक बार फिर क्षेत्रवासियों के सहयोग से उठाई जायेगी।

## 10 अगस्त से 28 अगस्त तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशनकार्यक्रम 10 अगस्त से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए शासन एवं स्वास्थ्य विभाग काफी सक्रिय है और तैयारियों में जुटे हैं। इसी क्रम में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय बैठक राइफल क्लब के सभागार कक्ष में आयोजित हुई। सीडीओ ने कहा कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जनपद के समस्त ब्लॉकों में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा वितरण कार्यक्रम 10 अगस्त से संचालित किया जाएगा। इसमें आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन अपने समक्ष कराएंगी। उन्होंने अपील की है कि फाइलेरिया से बचने के लिए हर साल चलने वाले एमडीए राउंड के दौरान दवा का सेवन अवश्य करें। इस दवा का सेवन दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमार को छोड़कर सभी को करना है। सीडीओ ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए प्रत्येक स्तर पर प्रयास करें। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इस एमडीए राउंड में जनपद की करीब 85 प्रतिशत लक्षित आबादी को



फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिए उम्र के अनुसार एमडीए दवा का सेवन स्वास्थ्य कार्यकताओं के समक्ष कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दवा का सेवन दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमार को छोड़कर सभी को करना है। लगातार पांच वर्षों तक साल में एक बार दवा खाने से इस बीमारी के होने से रोकने या नियंत्रित करने में मदद मिलती है। एसीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ जेएन सिंह ने बताया कि अभियान शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। स्वास्थ्यकर्मियों, शिक्षक, ग्राम प्रधान, नगर पालिका व नगर पंचायत कर्मियों को शुक्रवार से प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एमडीए की दवा फाइलेरिया के परजीवियों को नष्ट करने के साथ पेट के अन्य कीड़ों व समस्याओं को दूर करने में भी मदद करती हैं। इसलिए सभी लोग इस दवा का सेवन करें जिससे वह इस बीमारी से बच सकें। दो साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और गंभीर रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को इन दवाओं का सेवन नहीं करना है। दवा को चबाकर खाना है। खाली पेट दवा का सेवन नहीं करना है। जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि एमडीए दवा का सेवन कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग सहित आईसीडीएस, पंचायती राज व ग्राम विकास, जिला विधालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, आपूर्ति, होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक, आजीविका, आईएमए, सूचना अधिकारी आदि का सहयोग लिया जाएगा।

## हत्या में प्रयास के आरोपी को कट्टा संग केराकत पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रखर केराकत जौनपुर। हत्या में प्रयास करने के मामले के एक आरोपी को केराकत पुलिस ने गुरुवार को बेलांव पुल नदी के पास से दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से एक कट्टा बरामद हुआ है। कोतवाल जय प्रकाश यादव ने बताया कि पकड़े गए आरोपी का नाम धीरज कुमार यादव है। वह इसी कोतवाली थाना क्षेत्र के पसेवा गांव का रहने वाला है। कोतवाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कुछ दिन पहले आईपीसी की धारा 307 और 120बी के तहत इसी थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था। तब से वह फरार चल रहा था। गुरुवार को उसके इसी कोतवाली थाना क्षेत्र के बेलाव पुल नदी के पास होने की सूचना मिली। जिस पर उसे एसआई हरिश्चंद सिंह, हेड कांस्टेबल अनिल चौबे, मोहम्मद सलीम, पियूष सिंह और कांस्टेबल देवेन्द्र पाल के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया गया।

## बिजनौर सीडीओ के खिलाफ पंचायत सचिवों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को विकास खंड सदर के सभागार में ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति की आपात बैठक समिति के अध्यक्ष सूर्यभानु राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे जनपद बिजनौर में सीडीओ द्वारा पंचायत सचिव दीपेंद्र सिंह के साथ किए गए अमर्यादित आचरण पर क्षोभ व्यक्त किया गया। सूर्यभानु राय द्वारा बताया गया कि सीडीओ द्वारा सचिव को अपमानित करते हुए उन्हें थप्पड़ मारा गया एवं उपस्थित जनता के सामने जलील किया गया। इस थप्पड़ की गूंज पूरे प्रदेश में सुनाई दे रही है और सचिव संगठन इस मुद्दे पर आर पार की लड़ाई लड़ेगा। ग्राम विकास अधिकारी संगठन के जिलाध्यक्ष बैजनाथ तिवारी ने कहा कि जब तक सीडीओ के विरुद्ध उचित कार्यवाही नहीं हो जाती है तब तक बिजनौर में सचिवों का अनशन जारी रहेगा और प्रकरण में विलम्ब की स्थिति में प्रदेश व्यापी आंदोलन प्रारंभ किया जायेगा। विनीत राय ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक का संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के मंत्री पवन पाण्डेय ने किया। बैठक में रमेश चंद्र, कंचन कुमार जायसवाल, शिव प्रकाश त्रिपाठी, चंद्रिका प्रसाद, महताब, शशि राय, विजय खरवार, सुरेंद्र यादव, अभिषेक गुप्ता, प्रविंद्र, हरेंद्र इत्यादि थे।

## संक्षिप्त खबरें

### शासन के निर्देश पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का किया गया निरीक्षण



प्रखर मिजार्पुर। प्रतिबंधित ,नकली, अधोमानक, नारकोटिक दवाओं की विक्री/भंडारण पर रोकथाम के लिए सहायक आयुक्त (औषधि) विंध्याचल मण्डल के नेतृत्व में कुमार सौमित्र औषधि निरीक्षक मीरजापुर के द्वारा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र घुरहुपट्टी, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र रातनगंज, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र , जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमियों के आधार पर प्रतिष्ठानो के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी , ड्रग इंस्पेक्टर कुमार सौमित्र ने सभी जन औषधि केंद्र के संचालकों को निर्देशित किया कि यदि उनके जन औषधि केंद्र में जेनेरिक या बीपीपीआई द्वारा अधिकृत दवावो के अतिरिक्त कोई दवा पायी जाती है तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में आप ने किया प्रदर्शन, पुलिस के हस्तक्षेप से नहीं निकली शवयात्रा




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अघोषित बिजली कटौती के विरोध मे सरजू पाण्डेय पार्क मे रामेश्वरी सोनकर की अध्यक्षता व जिला अध्यक्ष विवेक राय के संचालन मे आम आदमी पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश सरकार के पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप से बिजली विभाग की शव यात्रानहीं निकाला जा सका। इस दौरान जिला प्रभारी रामेश्वरी सोनकर, जिला अध्यक्ष विवेक राय, जिला उपाध्यक्ष वाजिद खान, जिला कार्यकारिणी सदस्य गोपाल वर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष साजिद अली शाह, जंगीपुर विधानसभा अध्यक्ष रामकृत यादव, जखनिया विधानसभा अध्यक्ष अजय वर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य बेचू विश्वकर्मा, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश सह सचिव नागेंद्र यादव, सलमान सईद जिला उपाध्यक्ष गुलवार खरवार, कार्यक्रम संयोजक जावेद अहमद, जिला मीडिया प्रभारी नागेंद्र शर्मा, सैदपुर विधानसभा अध्यक्ष भरत यादव उपस्थित रहे।

### पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से की मुलाकात

#### कई विकास के परियोजनाओं पर किया विस्तार पूर्वक चर्चा



प्रखर चंदवक जौनपुर। जनपद जौनपुर आगमन पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से पूर्व विधायक ने केराकत के विकाश कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की। बतादें कि केराकत विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक चौधरी ने उप मुख्यमंत्री से विधानसभा क्षेत्र केराकत के कई विकास की परियोजनाओं से जुड़े विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र केराकत एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बीरीबारी के सुंदरीकरण के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा किया।

### आकाशीय बिजली की धमक से महिला हुई बेहोश

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर के बौलिया मोहल्ला निवासी महिला शामली देवी पत्नी अशर्फी सोनकर उम्र 40 वर्ष गुरुवार दोपहर को अपने घर पर ही बैठी थी तभी तेज बारिश के साथ आकाशी बिजली गरजने लगा बिजली की आवाज अत्यधिक होने एवं एकदम पास महसूस करने की वजह से महिला बेहोश होकर गिर गई ।जिस पर परिजन तत्काल उसे ले जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज किया। खबर लिखे जाने तक महिला की हालत स्थिर बताई जा रही थी।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं उत्तर प्रदेश शासन के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

### केंद्र के समान पेंशन मेमोरेंडम लाकर शिक्षकों को भी दिया जाय पुराना पेंशन, शिक्षामित्रों अनुदेशकों को 30 हजार रुपए का मिले सम्मानजनक मानदेय, शिक्षकों की वर्षो से लंबित पदोन्नति को 15 दिन में किया जाय, परिषदीय शिक्षकों को भी अपना शिक्षक विधायक चुनने के लिए मिले मतदान का अधिकार

प्रखर वाराणसी। शिक्षकों को पुरानी पेंशन से आच्छादित करने,पेंशन मेमोरेंडम जारी करने,राज्य कर्मचारियों की तरह शिक्षकों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा देने,शिक्षामित्रों.. अनुदेशकों एवं रसोइयों का मानदेय बढ़ाने,पदोन्नति प्राप्त शिक्षकों को रु० 17140/18150 का मूल वेतन देकर उनकी वेतन विसंगति दूर करने,शिक्षकों को शिक्षक विधायक निर्वाचन में मतदान का अधिकार देने,वर्षों से लंबित शिक्षकों की पदोन्नति करने सहित अपने 22 सुत्री मांगपत्र पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद द्वारा कोई कार्यवाही न करने पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी ने अपने प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा तथा उत्तर प्रदेश शासन के खिलाफ जनपद के सैकड़ों शिक्षकों शिक्षामित्रों अनुदेशकों एवं रसोइयों के साथ जोरदार धरना लगाया और महानिदेशक एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षाधिकारी वाराणसी डाक्टर अरविंद पाठक को सौंपा। आज के धरना कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश संयुक्त मंत्री एवं वाराणसी के जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर" ने संचालन जिला महामंत्री आनंद कुमार सिंह ने तथा संयोजन जिला संघर्ष समिति के संयोजक एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश पाल ने किया।

धरने का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश संयुक्त मंत्री एवं वाराणसी के जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर" ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, शिक्षामित्रों,अनुदेशकों एवं रसोइयों की तमाम समस्याएं वर्षों से लंबित हैं जिनके समाधान के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश ने कई बार ज्ञापन दिया लेकिन महानिदेशक स्कूल शिक्षा इन समस्याओं को सुलझाने के बजाय हर बार टाल मटोल का रवैया अपनाते रहे। विगत 1 जून 2023 को उनके कार्यालय में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश ने 22 मांगों का एक मांगपत्र सौंपा था जिस पर उचित कार्यवाही के लिए 8 जून 2023 को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने महानिदेशक से उनके कार्यालय पर मुलाकात किया था जिसके 14 दिन बीतने के बाद आज तक किसी मुद्दे पर भी उनके द्वारा कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया जिसकी वजह




से शिक्षकों शिक्षामित्रों अनुदेशकों और रसोइयों में भारी आक्रोश है इसी वजह से प्रदेश नेतृत्व ने आज 22 जून 2023 को पूरे प्रदेश में एक साथ महानिदेशक के खिलाफ सभी जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय पर धरना देने का कार्यक्रम तंय किया था जिसके क्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी द्वारा भी आंदोलन किया जा रहा है`आज के धरने के बाद यदि महानिदेशक एवं उत्तर प्रदेश शासन ने शिक्षकों की 22 सुत्रीय मांगों को नहीं माना तो 11,12 ,13 जुलाई को प्रांतीय पदाधिकारियों एवं संघर्ष समिति के सदस्यों द्वारा महानिदेशक स्कूल शिक्षा के कार्यालय पर धरना लगाया जायेगा तथा नवंबर माह में पूरे प्रदेश के शिक्षकों शिक्षामित्रों अनुदेशकों रसोइयों के साथ विधानसभा का घेराव किया जायेगा।

आज के धरना कार्यक्रम में बोलते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के महामंत्री आनंद कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने 3 मार्च 2023 को पेंशन मेमोरेंडम जारी करके अपने हर उस कर्मचारी एवं शिक्षक को पुरानी पेंशन दे दिया है जो एनपीएस नोटिफिकेशन से पुर्व के विज्ञापन से चयनित हुए थे परंतु केंद्र के सभी नीतिगत निर्णयों को मानने वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने शिक्षकों कर्मचारियों के लिए आज तक ऐसा पेंशन मेमोरेंडम जारी नहीं किया जो उत्तर प्रदेश राज्य में एनपीएस नोटिफिकेशन 1 अप्रैल 2005 से पुर्व के विज्ञापन से चयनित हुए थे।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश ने कहा कि माननीय न्यायालय ने कई बार आदेश जारी करके शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य लेने से मना किया है परंतु जबसे विजय किरण आनंद जी महानिदेशक बने हैं तबसे शिक्षकों को दिन-रात गैर शैक्षणिक कार्यों में न केवल उलझाया जा रहा है अपितु उनसे छुट्टियों में भी काम लिया जा रहा है यही नहीं इन अतिरिक्त कामों के बदले मिलने वाले प्रतिकर अवकाश को भी उनके द्वारा समाप्त कर दिया गया है जिसका हम विरोध करते हैं और मांग करते हैं कि छुट्टियों में काम के बदले प्रतिकर अवकाश दिया जाय तथा किसी इमरजेंसी में शिक्षकों को भी हाफ सीएल लेने का अधिकार दिया जाय। आज के धरने में भारी संख्या में शिक्षक, शिक्षामित्र,अनुदेशक एवं रसोइयां जुटे जिसमें महिला विंग की जिलाध्यक्ष डा० रमा रुखैयार,आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अमरेंद्र दूबे महामंत्री प्रमोद सिंह,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की उपाध्यक्ष आशा पाठक,प्रभात भृगुवंश, सुशील सिंह,राजन सिंह,गोपेश यादव,अरविंद द्विवेदी,अनुराधा सिंह,रितु ओबराय,अनुराधा भार्गव, ममता पटेल,आशुतोष पाण्डेय,प्रभाकर द्विवेदी, प्रशांत मोहन गिरी,दिनेश चंद,धीरेंद्र सिंह, नंदलाल मौर्या,आरती गुप्ता,साधना श्रीवास्तव, कुमुद सिंह,प्रीति सिंह मंत्री प्रिया सिंह, मनीषा सिंह,रचना पांडेय, शालिनी जायसवाल,सुनीता चतुवेर्दी,पूजा कनौजिया, पवन सिंह,आनंद सिंह, रामतीरथ पटेल,संजय पाण्डेय,दानबहादुर सिंह,वीरेंद्र सिंह,संजय गुप्ता,संजय पाठक,चंद्रमोहन यादव,कमलेश यादव रहे।

Bollywood Update



## पूजा हेगड़े ने छोड़ी गुंटूर कारम

टॉलीवुड सुपरस्टार महेश बाबू की फिल्म गुंटूर कारम शुरुआत से ही विवादों में रही है। इस फिल्म को लेकर शुरू से ही कई तरह के विवाद सामने आ रहे हैं। बीते दिनों खासा बज था कि फिल्म के संगीतकार थमन से महेश बाबू नाराज हैं। दोनों की बीच अनबन की वजह से उन्हें इस फिल्म से बाहर कर दिया गया है। साथ ही रिपोर्ट्स थीं कि थमन की जगह संगीतकार अनिरूद्ध को मौका दिया गया है। इसके अलावा फिल्म के बार-बार शूटिंग में आते लंबे ब्रेक को लेकर भी काफी चर्चाएं चल रही थीं। रिपोर्ट्स थीं कि फिल्म स्टार इस फिल्म की स्क्रिप्टिंग से खुश नहीं थे। जिसकी वजह से फिल्म शूटिंग के बीच ही दोबारा स्क्रिप्टिंग स्टेज पर पहुंची थीं। इसके बाद अब इस फिल्म को लेकर एक और बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स हैं कि फिल्म की लीड स्टार अदाकारा पूजा हेगड़े ने इस फिल्म से हाथ पीछे खींच लिए हैं। मीडिया रिपोर्ट मुताबिक पूजा हेगड़े अब महेश बाबू की फिल्म गुंटूर कारम का हिस्सा नहीं हैं। एक्ट्रेस के बारे में एक करीबी सूत्र ने कहा, गुंटूर कारम की शूटिंग टाइमलाइन लगातार बदलती जा रही है। फिल्म की शूटिंग किन्हीं कारणों की वजह से अटक रही है। शूटिंग का एक शिड्यूल पूरा होता है। तो एक अटक जाता है। फिल्म के कुछ हिस्से पहले ही शूट हो चुके हैं। जबकि, कुछ हिस्से री-शूट मोड में हैं। फिल्म की स्क्रिप्ट्स में भी लगातार बदलाव हो रहे हैं। जिससे कई लोगों को दिक्कतें हो रही हैं और वो फिल्म से पीछे हट रहे हैं। पूजा हेगड़े ने भी अब डेट्स इश्यूज के चलते इस फिल्म को छोड़ने का इरादा कर लिया है। अदाकारा पूजा हेगड़े एक साथ कई फिल्मों में बिजी हैं। जो एक साथ चल रही हैं। एक्ट्रेस जून से लेकर दिसंबर महीने तक अपने शिड्यूल से बंधी हैं। ऐसे में उनका गुंटूर कारम करना उनके दूसरे प्रोजेक्ट्स पर असर डाल रहा था। सूत्र के मुताबिक, जिस तरह से चीजें आगे बढ़ रही हैं वो खुश नहीं हैं।





## पिता इरफान की यादों में डूबे बाबिल खान

इरफान खान बॉलीवुड के लिजेंड्री एक्टर्स में से एक थे। उनके अचानक निधन ने उनके फैंस को जबरदस्त झटका दिया था। इरफान भले ही आज दुनिया में नहीं हैं लेकिन अपनी बेहतरीन फिल्मों के जरिए अपने फैंस के दिलों में जिंदा हैं। इरफान अपने बेटे बाबिल के काफी करीब थे और यही वजह है कि अक्सर बाबिल अपने पापा को याद



करते हुए पोस्ट शेयर करते रहते हैं। बाबिल ने अपने इंस्टाग्राम पर इरफान खान की एक फोटो शेयर की है। ये फोटो किसी अवार्ड शो की है जिसमें सूट-बूट पहने इरफान अपने अवार्ड को प्यार भरी नजरों से देख रहे हैं। इस फोटो को शेयर करते हुए बाबिल ने अपने पिता के लिए एक लंबा-सा नोट लिखा है जिसमें वे उन्हें, उनके प्यार और उनकी हंसी को याद कर रहे हैं। बाबिल ने अपने पिता को याद करते हुए पोस्ट लिखा- 'मुझे याद आती है जब आप अयान और मुझे अपनी आंखों में उस चमक के साथ देखते थे जैसे कि और कुछ भी मौजूद न हो, भले ही आपने बहुत कुछ हासिल किया हो।



## बेटी के जन्म पर गुलाबी रोशनी से जगमगा उठा पूरा अस्पताल

20 जून को राम चरण और उपासना कोमिनेनी की जिंदगी में वो पल आया जिसका वो बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। उनके घर लक्ष्मी ने जन्म लिया और दोनों इस पल को जीकर काफी खुशी है। ये खुशी उनके पूरे परिवार के चेहरे पर भी साफ झलक रही है। बेटी के जन्म से सभी कितने खुश हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिस अस्पताल में लाडली का जन्म हुआ शाम होने के बाद वो पूरा अस्पताल गुलाबी रोशनी से नहाया हुआ दिखा। कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं जो अस्पताल की हैं ये अस्पताल पूरी तरह से गुलाबी रोशनी में जगमग नजर आ रहा है। इससे ही चिरंजीवी के परिवार की खुशी का अंदाजा



लगाया जा सकता है। ऐसा पहली बार देखने को मिला है जब अस्पताल को ही यूं सजा दिया गया हो। आपको बता दे कि पोती के जन्म की खबरे मिलते ही दादा चिरंजीवी भी अस्पताल पहुंचे थे और इस खुशी के मौके पर उनकी आंखें नम दिखीं। वो दादा बनकर फूले नहीं समा रहे।




## सतीश कौशिक की बेटी को लॉन्च करेंगे अनुपम खेर

अपनी दमदार एक्टिंग और कॉमेडी से सबका दिल जीतने वाले सतीश कौशिक आज हमारे बीच नहीं है। इसी साल 9 मार्च को हार्ट अटैक से सतीश का निधन हो गया। वहीं, अभिनेता अनुपम खेर भी अपने अजीज दोस्त के जाने के गम से बाहर नहीं निकल पाए हैं। साथ ही अनुपम अपने दोस्त सतीश की बेटी का भी खूब ध्यान रखते हैं। वहीं, अब अनुपम ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक्टर वंशिका से बात करते हुए नजर आ रहे हैं।दरअसल, अभिनेता अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अनुपम वंशिका से उनके डेली रुटीन के बारे में




बात करते दिख रहे हैं। साथ ही वीडियो में वंशिका बताती हुई नजर आ रही है कि वो अपने पापा के बारे में क्या बहुत मिस करती हैं। वहीं, वीडियो को शेयर करते हुए अनुपम ने अपने कैप्शन में लिखा है कि- वंशिका मुझसे मिलने के लिए बीते हफ्ते मेरे ऑफिस आई थीं। जहां हमने कई चीजों के बारे में बात की, जिसमें स्कूल, पढ़ाई, हेयरस्टाइल, मेकअप के बारे में बात की। साथ ही हमने उनके पापा और मेरे खास दोस्त सतीश कौशिक के बारे में भी बात की। हमने घंटों तक बात की और वह एक ब्राइट और प्यारी बच्ची है। मैं उसे बहुत प्यार करता हूं और उनसे बहुत कुछ सीखना है।



## फीस को लेकर मनोज वाजपेयी का छल्का दर्द

मनोज वाजपेयी अपने हर किरदार से दर्शकों को चौंकाते हैं। भले ही फिल्मों हों या वेब सीरीज सभी जगह वे अपनी प्रतिभा से एक खास जगह बनाए हुए हैं। इसके साथ ही मनोज खुले दिल से सादगी भरे अंदाज से अपनी बातें रखते हैं, जो लोगों के दिल को छू लेती हैं। हाल ही मनोज का एक इंटरव्यू सामने आया है, जिसमें उन्होंने अपनी फीस को लेकर दिल की बातें रखी हैं। साथ ही बताया कि उन्हें सलमान खान या शाहरुख खान जितना रुपया नहीं मिल पाता है। साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म भी ज्यादा रुपये नहीं देता है। 23 अप्रैल 1969 को जन्में मनोज वाजपेयी को इंडस्ट्री में काफी समय हो चुका है। 'सत्या' के 'भिखू म्हात्रे' से लेकर 'फैमिली मैन' तक कई तरह के किरदार मनोज निभा चुके हैं। वे अपने किरदारों को इतनी बेहतरी से निभाते हैं कि दर्शक उनके साथ जुड़ाव महसूस करने लगते हैं। अच्छी एक्टिंग के साथ ही मनोज साफ दिल से अपनी बातें रखने के लिए भी फेमस हैं. हाल ही जब उनसे फीस को लेकर बातचीत की तो उन्होंने माना कि बड़े स्टार्स जितनी फीस नहीं मिलती है। 'एक बंदा ही काफी है' में नजर आए मनोज वाजपेयी ने एक यू ट्यूब चैनल 'अनफिल्टर्ड बाय समदीश' को हाल ही इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने अपनी फीस पर भी बातचीत की. मनोज का कहना था, गली गुलियां' और 'भोसले' जैसे शोज के जरिए मोटी इनकम नहीं होती है। ओटीटी वाले सिर्फ बड़े कलाकारों को ही अच्छी फीस देते हैं। 'द फैमिली मैन' के लिए मुझे जितना पैसा मिलना चाहिए था, नहीं मिला। मनोज ने आगे कहा, 'गोरा आएगा, शो करेगा तो दे देंगे। चीन में बड़े-बड़े ब्रांड्स की फैक्ट्री हैं क्योंकि वहां मजदूरी सस्ती है। उसी तरह हम इनके लिए सस्ते मजदूर हैं। जेक रेयान को भर-भरके पैसे मिलते।



## अक्षय कुमार ने खुद बताई फिल्म फ्लॉप होने की वजह

साल 2010 के बाद से अक्षय कुमार के करियर का सबसे पीक टाइम रहा है। 2010 से शुरू हुआ ये अक्षय के करियर का सफर कोरोना काल तक बेहतरीन रहा। इस दौरान अक्षय कुमार की कई फिल्में सुपरहिट रहीं। कई फिल्मों में अक्षय कुमार ने कमाल कर दिया और बॉक्स ऑफिस के आंकड़ें चौंकाने वाले रहे। लेकिन बीते 2-3 साल से अक्षय कुमार के सितारे गर्दिश में चल रहे हैं। बीती 6 फिल्में लगातार फ्लॉप होने के बाद से अक्षय कुमार के करियर पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अब अक्षय कुमार जल्द ही अपने करियर को रीवाइव करने के लिए एक हिट फिल्म की उम्मीद कर रहे हैं। हाल ही में अक्षय कुमार ने इंटरव्यू में अपनी फ्लॉप फिल्मों को लेकर बात की. अक्षय कुमार ने फाइनेंशियल एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में अपनी फिल्मों के फ्लॉप होने की वजह भी बताई। इसके जवाब में अक्षय कुमार ने बताया, 'हां बिल्कुल पड़ता है।

बॉक्स ऑफिस के नंबर्स से ही हम खुश होते हैं और दुखी भी होते हैं। जब फिल्में अच्छी चलती हैं तो खुशी भी होती है कि लोगों का प्यार मिल रहा है। जब बॉक्स ऑफिस सूना होता है तो हम समझ जाते हैं कि कहां गलती की है। लोग उससे कनेक्ट नहीं कर पाते और हम उसे लगातार सुधारने की कोशिश करते हैं। इसके बाद उन्होंने बताया कि 'मेरा जुनून काम को लेकर है। मैं अपने काम को एंजॉय करता हूं। और वही करता रहूंगा।

## प्यार में डूबे दिखे रणवीर सिंह और आलिया भट्ट



बॉलीवुड फिल्मों के मशहूर स्टार्स रणवीर सिंह एवं आलिया भट्ट की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का टीजर को लॉन्च कर दिया गया है। इससे पहले रणवीर एवं आलिया फिल्म 'गली ब्वॉय' में नजर आए थे। फिल्म से करण जौहर लंबे वक्त पश्चात् डायरेक्शन में लौटे हैं। यह उनके महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में से हैं। बीते कुछ दिनों से फिल्म के कई पोस्टर रिलीज किए गए। साथ ही रणवीर एवं आलिया का लुक भी रिवील किया गया। सिनेमाघरों में फिल्म 28 जुलाई को दस्तक देगी। करण जौहर की पिछली कई फिल्मों की याद आ जाती है। शिफॉन साड़ी, खूबसूरत नजारे, भव्य सेट, आलिया-रणवीर का रोमांस देखने को मिलता है। बैकग्राउंड में अरिजीत सिंह का गाया गाना सुनाई देता है। फैमिली ड्रामा इस फिल्म के टीजर में प्यार से



लेकर इमोशंस तक की झलक है। फिल्म के अन्य सितारों में धर्मेंद्र, जया बच्चन एवं शबाना आजमी हैं। जौहर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मेरे दिल के टुकड़े की पहली झलक आपके सामने प्रस्तुत कर रहा हूं। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी। मैं बहुत उत्साहित हूं कि आखिरकार यह आपके सामने है। खें और प्यार दें।

## संक्षिप्त खबरें

### सोना 360 रुपए टूटा



नई दिल्ली। विदेशी बाजारों से कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 360 रुपए की गिरावट के साथ 59,750 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,110 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,200 रुपए लुढ़ककर 72,300 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की हाजिर कीमत 360 रुपए की गिरावट के साथ 59,750 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई।' विदेशी बाजारों में सोना गिरावट के साथ 1,936 डालर प्रति औंस रह गया। चांदी भी नुकसान के साथ 23.09 डालर प्रति औंस पर आ गई।

### टाटा एआईए लाभांश देगी

मुंबई। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने पिछले वित्त वर्ष के लिए अपने भागीदार पालिसीधारकों को 1,183 करोड़ रुपए के लाभांश भुगतान की घोषणा की है जो एक साल पहले की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक है। टाटा समूह की बीमा कंपनी ने कहा कि उसकी तरफ से दिया गया यह अब तक का सर्वाधिक लाभांश है। इसके पहले वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कंपनी ने 861 करोड़ रुपए का लाभांश भुगतान किया था। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के अध्यक्ष एवं मुख्य वित्त अधिकारी समित उपाध्याय ने कहा कि उसके 7,49,229 पालिसीधारक वित्त वर्ष 2022-23 के लिए घोषित लाभांश के हकदार हैं।

### एलआईसी ने हिस्सेदारी बेची

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी में अपनी दो प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 649 करोड़ रुपए में बेच दी है। सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआईसी ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि उसने खुले बाजार में एनएमडीसी के अपने 6.06 करोड़ शेयरों को बेच दिया है जो 2.07 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। यह बिक्री 14 मार्च से 20 जून के दौरान की गई है। शेयरों की बिक्री 107.59 रुपए प्रति शेयर के औसत भाव पर हुई है जिससे एलआईसी को करीब 649 करोड़ रुपए मिलेंगे। इस शेयर बिक्री के बाद एनएमडीसी में एलआईसी की हिस्सेदारी घटकर 9.62 प्रतिशत रह गई है।

### रुपया सात पैसे मजबूत

मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और स्थानीय शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपया सात पैसे की बढ़त के साथ 82.02 प्रति डालर (अस्थायी) के भाव पर बंद हुआ। हालांकि, अपनी प्रतिद्वन्द्वी मुद्राओं की तुलना में डालर के मजबूत होने और विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने से रुपए की तेजी पर कुछ अंकुश लगा गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डालर के मुकाबले 82.13 के भाव पर कमजोर खुला। कारोबार के अंत में यह अपने पिछले बंद भाव से सात पैसे की तेजी के साथ 82.02 प्रति डॉलर (अस्थायी) के भाव पर बंद हुआ।(एजेंसी)

## टाटा पावर देश का सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांड बना

■ अमेजन दूसरे, टाटा स्टील तीसरे व टीसीएस चौथे नंबर पर ■ टॉप-10 ब्रांड में इंफोसिस, रिलायंस, माइक्रोसाफ्ट भी शामिल

मुंबई (भाषा)।

टाटा पावर कंपनी देश का सबसे 'आकर्षक नियोक्ता ब्रांड' बन गई है। इसके बाद ई-कामर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन और टाटा स्टील का नंबर आता है। बुधवार को जारी एक शोध रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है।

मानव संसाधन सेवाप्रदाता रैंडस्टैड इंडिया की वार्षिक रिपोर्ट 'रैंडस्टैड एम्प्लायर ब्रांड रिसर्च (आरईबीआर) 2023' से पता चलता है कि टाटा पावर ने वित्तीय सेहत, प्रतिष्ठा और करियर में प्रगति के अवसरों पर काफी ऊंचे अंक हासिल किए हैं।

किसी संगठन के लिए कर्मचारियों की दृष्टि से शीर्ष तीन संकेतकों की वजह से टाटा पावर पहला स्थान हासिल करने में सफल रही है। पिछले साल यानी 2022 में कंपनी नौवें स्थान पर थी। अमेजन इस साल रैंकिंग में कई पायदान की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं शीर्ष तीन की सूची में इस साल टाटा स्टील नई कंपनी है।

■ इस साल अमेजन ने लगाई लंबी छलांग
■ बीते साल नौवें स्थान पर थी अमेजन
■ टाटा स्टील टॉप-3 में पहली बार शामिल
■ टॉप-10 में टाटा मोटर्स और सैमसंग भी
■ शीर्ष दस कंपनियों में आईबीएम को जगह
■ रैंडस्टैड की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

**77** फीसद कर्मचारी वाहन क्षेत्र को मानते हैं सबसे आकर्षक




सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) शीर्ष 10 की सूची में चौथे स्थान पर है।

इसके बाद क्रमशः माइक्रोसाफ्ट, सैमसंग इंडिया, इन्फोसिस, टाटा मोटर्स, आईबीएम और रिलायंस इंडस्ट्रीज का स्थान रहा।

आनलाइन स्टोर बिगबास्केट सूची में सबसे आकर्षक स्टार्टअप नियोक्ता ब्रांड बनकर उभरी है। रिपोर्ट के मुताबिक, 77 प्रतिशत कर्मचारियों ने वाहन क्षेत्र को सबसे आकर्षक करार दिया है। उसके बाद आईटी, आईटीईएस और दूरसंचार (76 प्रतिशत), एफएमसीजी, खुदरा और ई-कामर्स (75 प्रतिशत) का स्थान रहा है।

आरईबीआर सर्वे दुनियाभर में 1.63 लाख लोगों की प्रतिक्रिया पर आधारित है। यह सर्वे 32 बाजारों और वैश्विक अर्थव्यवस्था के 75 प्रतिशत हिस्से में किया गया।

## बीएसई की कंपनियों का पूंजीकरण रिकार्ड स्तर पर

नई दिल्ली (भाषा)।

बीएसई सेंसेक्स बुधवार को शुरुआती कारोबार में 63,588.31 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर को छू गया। सेंसेक्स के रिकार्ड स्तर पर पहुंचने के बीच बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) भी नए रिकार्ड स्तर 294.49 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। जो भारतीय शेयर बाजारों के लिए एक अच्छा संकेत माना जा रहा है।

पिछले साल एक दिसम्बर को सेंसेक्स 63,583.07 के रिकार्ड स्तर पर पहुंचा था। शेयर बाजार में तेजी के बीच बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,94,49,069.63 करोड़ के नए रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया।

## अमेरिकी कंपनी के चिप संयंत्र को मंजूरी

■ इस पर 2.7 अरब डालर निवेश करेगी माइक्रोन

■ इस निवेश से पैकेजिंग एवं सेमीकंडक्टर चिप परीक्षण इकाई स्थापित करने की है योजना
■ कंपनी को उम्मीद, इस महत्वपूर्ण परियोजना से देश में निकलेंगी 5000 से ज्यादा नौकरियां
■ लगभग एक सप्ताह पहले मिल चुकी थी इस परियोजना को मंजूरी
■ पहले चरण में सरकार ने दी है चार ओएसटी परियोजनाओं को मंजूरी
■ इन चार परियोजनाओं में टाटा समूह और सहसा सेमीकंडक्टर कंपनी के प्रोजेक्ट भी हैं शामिल

नई दिल्ली (भाषा)। सरकार ने अमेरिका की चिप कंपनी माइक्रोन की देश में 2.7 अरब डालर के निवेश के साथ सेमीकंडक्टर चिप और पैकेजिंग इकाई स्थापित करने की परियोजना को मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस परियोजना से 5,000 से ज्यादा नौकरियां सृजित होने की उम्मीद है।

एक सूत्र ने परियोजना के ब्योरे की पुष्टि करते हुए कहा, 'इसे लगभग एक सप्ताह पहले मंजूरी दी गई।' माइक्रोन कंप्यूटर मेमोरी उत्पाद, फ्लैश ड्राइव आदि में विशेषज्ञता रखती है। यह भारत में एक ओएसएटी (आउटसोर्स सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट) संयंत्र स्थापित करेगी जो इसके उत्पाद को उपयोग के लिए तैयार करने के लिए परीक्षण और पैकेजिंग करेगा।

पहले चरण में सरकार ने चार ओएसएटी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें टाटा समूह, सहसा सेमीकंडक्टर्स के प्रस्ताव शामिल है। एक अन्य सूत्र ने कहा, 'सहसा सेमीकंडक्टर्स पहला ओएसएटी संयंत्र है, जिसके जल्द ही उत्पादन शुरू करने की उम्मीद है।' इस बारे में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा माइक्रोन से तत्काल प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

## पेरिस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस रवाना हुईं निर्मला

नई दिल्ली (भाषा)।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बुधवार को 'न्यू ग्लोबल फाइनेंसिंग पैक्ट' पर पेरिस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस की यात्रा पर रवाना हुईं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि 22-23 जून हो होने वाले इस दो दिन के शिखर सम्मेलन के मौके पर सीतारमण अपने समकक्षों के साथ बहुपक्षीय और द्विपक्षीय बैठकों में हिस्सा लेंगी।

यह सम्मेलन सरकारों के प्रमुखों, मंत्रियों, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठनों के नेताओं, वैश्विक वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों को एक साथ लाएगा। मंत्रालय ने ट्वीट किया, 'केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 22-23 जून को होने वाले 'न्यू ग्लोबल फाइनेंसिंग पैक्ट' शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस की आधिकारिक यात्रा पर हैं।' इस सम्मेलन का सह-आयोजन फ्रांस, बारबाडोस और भारत ने किया है।

सम्मेलन का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संकट और विकास की चुनौतियों का समाधान करने के लिए नई वैश्विक वित्तपोषण संरचना की नींव रखना है।

## कृषि व ग्रामीण श्रमिकों की खुदरा महंगाई घटी

■ मई माह में घटकर क्रमशः 5.99 फीसद और 5.84 फीसद रही

नई दिल्ली (वार्ता)।

कृषि श्रमिकों संबंधी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-एएल) और ग्रामीण मजदूरों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आरएल) पर आधारित मुद्रास्फीति की मई, 2023 में सालाना आधार पर क्रमशः 5.99 प्रतिशत और 5.84 प्रतिशत रही। अप्रैल, 2023 में कृषि श्रमिकों संबंधी खुदरा महंगाई दर 6.50 प्रतिशत और ग्रामीण श्रमिकों संबंधी खुदरा महंगाई 6.52 फीसद थी।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष मई महीने के दौरान कृषि श्रमिकों की खुदरा महंगाई दर 6.67 फीसद और ग्रामीण श्रमिकों की मुद्रास्फीति 7.00 फीसद थी।




रिपोर्ट के अनुसार कृषि श्रमिकों और ग्रामीण श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मई, 2023 के महीने में 6 अंकों की वृद्धि के साथ 1186 ग्रामीण श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 5 अंकों की वृद्धि हुई के साथ 1197 अंक पह पहुंच गया। इन सूचकांकों में इस वृद्धि में क्रमशः 5.29 और 4.72 अंक की वृद्धि खाद्य वस्तुओं की महंगाई के कारण रही। इसमें मुख्य रूप से चावल, दाल, दूध, बकरी का मांस, सूखी मिर्च, लहसुन, अदरक, सब्जियां और फल आदि की कीमतों में वृद्धि का बड़ा प्रभाव रहा।

रिपोर्ट के अनुसार राज्यों के बीच, कृषि मजदूरों और ग्रामीण मजदूरों दोनों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संख्या में अधिकतम वृद्धि आंध्र प्रदेश राज्य (17 अंक प्रत्येक) में रही। वहां मुख्य रूप से चावल, ज्वार, रागी, दाल, हरी/सूखी मिर्च , प्याज, सब्जियों और फलों की कीमतों में वृद्धि के कारण सूचकांक बढ़ा।

इसके विपरीत, कृषि मजदूरों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संख्या में अधिकतम पांच अंक की कमी असम राज्य में और ग्रामीण मजदूरों के लिए ओडिशा राज्य में पांच अंक की कमी रही। इसमें मुख्य रूप से चावल, रागी, सरसों-तेल, ताजी मछली, प्याज, हरी मिर्च आदि की कीमतों में गिरावट की भूमिका रही।

## अब तक 5.58 करोड़ टन चावल की खरीद

■ गेहूं की खरीद 2.62 करोड़ टन पर ■ किसानों को 1.77 लाख करोड़ का भुगतान

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकार की चावल खरीद चालू विपणन सत्र 2022-23 में अब तक बढ़कर 5.58 करोड़ टन पर पहुंच गई है। इसके अलावा सरकार ने 1.22 करोड़ किसानो को 1.7 लाख करोड़ रुपए के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का भुगतान किया है। खाद्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। वहीं रबी विपणन वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में अब तक गेहूं की खरीद 2.62 करोड़ टन रही है, जो पिछले साल की कुल खरीद 1.88 करोड़ टन से कहीं अधिक है।



मंत्रालय ने बयान में कहा, 'गेहूं और चावल की मौजूदा खरीद से सरकारी भंडार में पर्याप्त खाद्यान्न है।' इसमें कहा गया है कि गेहूं और चावल का संयुक्त स्टाक 5.7 करोड़ टन पर पहुंच गया है, जो देश की खाद्यान्न जरूरतों के लिहाज से संतोषजनक है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) राज्य एजेंसियों के साथ मूल्य समर्थन योजना के तहत धान और गेहूं की खरीद करता है। धान की खरीद की जाती है और उसे मिलों में चावल में बदला जाता है।

मंत्रालय के अनुसार, मौजूदा खरीफ विपणन सत्र (अक्टूबर-सितंबर) में 19 जून तक कुल 8.3 करोड़ टन धान (चावल के मामले में 5.58 करोड़ टन) की खरीद की गई थी। मिलों में इसे चावल में बदलने के बाद अब तक केंद्रीय पूल में लगभग 4.01 करोड़ टन चावल प्राप्त हो चुका है। वहीं डेढ करोड़ टन चावल अभी मिलना बाकी है।

## ड्रोन कंपनी आइडिया फोर्ज का आईपीओ 26 को आएगा

नई दिल्ली (भाषा)।

ड्रोन कंपनी आइडिया फोर्ज टेक्नोलॉजी ने अपने 567 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 638 से 672 रुपए प्रति शेयर तय किया है। कंपनी का आईपीओ 26 जून को खुलकर 29 जून को बंद होगा।

कंपनी ने बयान में कहा कि आईपीओ के तहत 240 करोड़ रुपए के नए शेयर जारी किए जाएंगे और कंपनी 48,69,712 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश भी लाएगी। आईपीओ के तहत शेयरों का एक हिस्सा पात्र कर्मचारियों के लिए आरक्षित रहेगा। कंपनी ने कहा कि नए शेयरों की बिक्री से प्राप्त राशि में से 50 करोड़ रुपए का इस्तेमाल कर्ज चुकाने के लिए किया जाएगा।

## पेटेंट मुक्त दवाएं 80% छूट पर बेचेगी मेडप्लस

■ इसके लिए कंपनी ने किया 500 दवाओं का चयन

हैदराबाद (भाषा)। फार्मेसी श्रृंखला चलाने वाली मेडप्लस हेल्थ सर्विसेज पेटेंट मुक्त 500 से ज्यादा चिकित्सकीय और दीर्घकालिक बीमारियों की दवाएं अपने ब्रांड के अंतर्गत 50 से 80 प्रतिशत की भारी छूट पर बेचेगी। कंपनी ने बुधवार को यह घोषणा की। मेडप्लस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जी मधुकर रेड्डी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कंपनी ने ग्राहकों को लाभ पहुंचाने के लिए बिना पेटेंट की उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयों के उत्पादन के लिए कई प्रतिष्ठित विनिर्माण कंपनियों के साथ करार किया है।

रेड्डी ने कहा, 'मेडप्लस 500 से ज्यादा चिकित्सकीय और पुरानी बीमारियों की दवाओं पर शुरुआत में छूट प्रदान करेगी और बाद में अगले तीन महीनों में यह छूट 800 से ज्यादा उत्पादों पर प्रदान की जाएगी।' उन्होंने कहा कि इन दवाओं में उच्च रक्तचाप, मधुमेह और गुर्दे की बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली दवाएं शामिल होंगी। विस्तार योजनाओं के बारे में उन्होंने कहा कि कंपनी इस समय सात राज्यों में 4,000 स्टोर संचालित करती है।

## कोयला व लिग्नाइट खदानों की होगी स्टार रेटिंग

नई दिल्ली।

खदानों के बीच आपसी स्पर्धा को बढ़ावा देने और वैधानिक प्रावधानों के अनुपालन, उन्नत खनन प्रौद्योगिकी अपनाने तथा आर्थिक उपलब्धियों के आधार पर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देने के लिए कोयला व लिग्नाइट खदानों को स्टार रेटिंग प्रदान की जाएगी। कोयला मंत्रालय ने वर्ष 2022-23 के लिए कोयला और लिग्नाइट खदानों की स्टार रेटिंग पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ करने की घोषणा की है।

स्टार रेटिंग का उद्देश्य सात प्रमुख मानकों अर्थात खनन कार्य संचालन, पर्यावरण से जुड़े मानकों, प्रौद्योगिकियों को अपनाने, श्रेष्ठ खनन व्यवहारों, आर्थिक प्रदर्शन, पुनर्वास और पुनःस्थापन श्रमिक संबंधी अनुपालन तथा सुरक्षा और रक्षा में विभिन्न कारकों के आधार पर खदानों का मूल्यांकन करना है। स्टार रेटिंग पंजीकरण के लिए एक पोर्टल पहले ही खोला जा चुका है जिस पर 30 जून तक पंजीकरण किया जा सकता है।



■ कोयला मंत्रालय ने शुरू की स्टार रेटिंग पंजीकरण प्रक्रिया

भाग लेने वाली खदानों को एक व्यापक स्व-मूल्यांकन प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है, जिसे 31 जुलाई 2023 तक पूरा किया जाना चाहिए। इसके पूरा होने पर उच्चतम स्कोर करने वाली 10 प्रतिशत खदानों को एक समिति द्वारा किए गए निरीक्षण के माध्यम से आगे सत्यापन के लिए चुना जाएगा। शेष 90 प्रतिशत खदानें एक ऑनलाइन समीक्षा प्रक्रिया से गुजरेंगी, सभी प्रतिभागी अन्य खदानों की समीक्षा करके मूल्यांकन में योगदान कर सकते है। व्यापक समीक्षा को 31 अक्टूबर तक अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद कोयला नियंत्रक समीक्षा की जाएगी। इसके फलस्वरूप 31 जनवरी 2024 तक अंतिम परिणामों का एलान किया जाएगा।

## अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करेगी अकासा

■ कंपनी ने चार बोइंग 737 मैक्स विमान खरीदने के लिए आर्डर दिया

नई दिल्ली (भाषा)।

एयरलाइन कंपनी अकासा एयर चार और बोइंग 737 मैक्स विमान खरीदेगी। कंपनी इस साल के अंत तक अंतरराष्ट्रीय सेवाएं भी शुरू कर देगी।

कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि अपनी विस्तार योजनाओं के तहत वह इस साल तीन अंक में (यानी 100 से अधिक) विमानों का आर्डर देगी। कंपनी ने बताया कि ये चार विमान 72 बोइंग 737 मैक्स विमानों के आर्डर के अतिरिक्त है। यह घोषणा पेरिस एयर शो के दौरान की गई। विमानन कंपनी ने बयान में कहा, 'ये चार विमान पहले से ही दिए गए 72 विमानों के आर्डर से अलग हैं, जिससे कुल विमानों की संख्या 76 हो गई है, जिनमें 23 737-8 और 53 उच्च क्षमता वाले 737-8-200 विमान हैं।' कंपनी ने कहा, 'अकासा एयर का लक्ष्य 2023 के अंत तक अंतरराष्ट्रीय परिचालन शुरू करने का है।'




अकासा एयर के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय दुबे ने कहा कि कंपनी अपने अंतरराष्ट्रीय परिचालन में सहयोग के लिए चार और बोइंग 737-8 जोड़ने को लेकर बहुत उत्साहित है। इसके साथ ही 72 विमानों के कंपनी के शुरु आती आर्डर की संख्या बढ़कर 76 हो गई है। ये विमान अगले चार साल में मिलेंगे।

## सौ प्रौद्योगिकी स्टार्टअप की सूची में चार भारतीय कंपनियां

नई दिल्ली (भाषा)। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की 100 सबसे उदीयमान प्रौद्योगिकी स्टार्टअप की वार्षिक सूची में गिफ्टोलेक्सिया सोल्यूशंस और जैकमैज टेक्नोलॉजी समेत चार भारतीय कंपनियां जगह बनाने में कामयाब हुई हैं। इन्हें पर्यावरण-अनुकूल, उन्नत विनिर्माण और समावेशी स्वास्थ्य सेवा में उल्लेखनीय प्रगति के मानकों के आधार पर चुना गया है। सूची में शामिल अन्य दो भारतीय कंपनियां इवोल्यूशनक्यू और नेक्स्ट बिग इनोवेशन लैब्स हैं। इनमें इवोल्यूशनक्यू क्वॉन्टम-सुरक्षित साइबर सुरक्षा उत्पाद प्रदान करती है ताकि ग्राहकों को उनके नेटवर्क में क्वॉन्टम तकनीक अपनाने और प्रबंधित करने में मदद मिल सके।

गिफ्टोलेक्सिया सॉल्यूशंस स्कूली बच्चों में डिस्लेक्सिया के खतरे को पहचानने के लिए स्क्रीन उपकरण वाली प्रौद्योगिकी विकसित कर रही है। जैकमैज टेक्नोलॉजी एक ऐसा मंच विकसित कर रही है जो जलवायु जोखिम, ईएसजी (पर्यावरणीय, सामाजिक और प्रशासनिक) निवेश और कार्बन बाजारों के लिए उपग्रह के आंकड़ों को 'क्लाइमेट इंटेलिजेंस' में परिवर्तित करता है। इस सूची में 31 देशों के स्टार्टअप को शामिल किया गया है। सबसे ज्यादा 29 कंपनियां अमेरिका से हैं, जिसके बाद 12 कंपनियां चीन से हैं।

## इंडिपेंडेंस ब्रांड को उत्तर भारत में उतारेगी रिलायंस

नई दिल्ली/लखनऊ (वि.)।

रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने बुधवार को कहा कि वह अपने मेड-फार-इंडिया कंज्यूमर पैकेज्ड गुड्स ब्रांड इंडिपेंडेंस को उत्तर भारत के बाजारों में उतारेगी।

रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी आरसीपीएल ने कहा कि गुजरात में मिली शुरुआती सफलता के बाद इंडिपेंडेंस उत्पादों को अब पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व बिहार के बाजारों में उतारा जाएगा। इंडिपेंडेंस के तहत कंपनी खाद्य तेल, अनाज, दालें, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ और दैनिक जरूरतों की अन्य वस्तुएं पेश करती है।

## वर्ष 2028 तक भारत में 57% होंगे 5जी ग्राहक

■ इन आंकड़ों से दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला 5जी बाजार बन जाएगा भारत

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत में 5जी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने वाले मोबाइल फोनधारकों की संख्या वर्ष 2028 के अंत तक लगभग 57 प्रतिशत पर पहुंचने का अनुमान है। इससे भारत वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ता 5जी बाजार बन जाएगा। एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है।

बुधवार को जारी एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 5जी दूरसंचार सेवाओं की अक्टूबर, 2022 में शुरुआत होने के बाद से बहुत तेजी से इसका विस्तार हो रहा है। इस दौरान भारतीय दूरसंचार बाजार में डिजिटल इंडिया मुहिम के तहत बड़े पैमाने पर 5जी नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है।




रिपोर्ट के मुताबिक, 'शुरुआत के चंद महीनों में ही 5जी ग्राहकों की संख्या 2022 के अंत तक करीब एक करोड़ पर पहुंच गई है। अनुमान है कि 2028 के अंत तक देश में कुल मोबाइल ग्राहकों का करीब 57 प्रतिशत 5जी सेवाओं का इस्तेमाल कर रहा होगा जो इसे दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ता 5जी बाजार बनाता है।'

एरिक्सन मोबिलिटी की जून, 2023 की रिपोर्ट कहती है कि कुछ बाजारों में भू-राजनीतिक चुनौतियों और व्यापक आर्थिक मंदी के बावजूद वैश्विक स्तर पर संचार सेवा प्रदाताओं ने 5जी प्रौद्योगिकी में निवेश करना जारी रखा है। वर्ष 2023 के अंत तक 5जी सेवा का इस्तेमाल करने वाले मोबाइल फोन ग्राहकों की संख्या वैश्विक स्तर पर 1.5 अरब हो जाने का अनुमान है।

एरिक्सन के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं नेटवर्क प्रमुख फ्रेडरिक जेडलिंग ने कहा, "5जी प्रौद्योगिकी को वैश्विक स्तर पर अपनाने वाले ग्राहकों की संख्या एक अरब से अधिक हो चुकी है जिससे अग्रणी 5जी बाजारों में दूरसंचार कंपनियों के राजस्व में वृद्धि हुई है।'

# भारत बना महिला एमर्जिंग एशिया कप चैंपियन, बांग्लादेश को 31 रन से हराया

एजेंसी ▶▶ मांगकॉक

श्रेयंका पाटिल और मन्नत कश्यप की फिरकी के जादू से भारत ने बुधवार को यहां बांग्लादेश को फाइनल में 31 रन से हराकर महिला एमर्जिंग एशिया कप टी20 खिताब जीत लिया। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 127 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया और फिर श्रेयंका (13 रन पर चार विकेट) और मन्नत (20 रन पर तीन विकेट) की फिरकी की बदौलत बांग्लादेश को 19.2 ओवर में 96 रन पर ढेर कर दिया। ऑफ स्पिनर कनिका आहुजा ने भी 23 रन देकर दो विकेट चटकाए।

### दो का दोहरा स्कोर

श्रेयंका, मन्नत और कनिका की स्पिन तिकड़ी ने मिशन रोड ग्राउंड की धीमी पिच पर बांग्लादेश की बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं दिया। नाहिदा अख्तर ने बांग्लादेश की ओर से सर्वाधिक नाबाद 17 रन बनाए जबकि शोभना मोस्तरी ने 16 रन की पारी खेली।

## श्रेयंका ने 13 रन पर चार और मन्नत ने 20 रन पर झटके तीन विकेट




### वृंदा भारत की शीर्ष स्कोरर

दिनेश वृंदा 29 गेंद में 36 रन बनाकर भारत की ओर से शीर्ष स्कोरर रहीं जबकि कनिका ने 23 गेंद में नाबाद 30 रन बनाए। बांग्लादेश की गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। वृंदा और कनिका के अलावा भारत की ओर से विकेटकपर यू छेत्री (22) और कप्तान श्वेता सहरावत (13) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाईं। बांग्लादेश की तरफ से बाएं हाथ की स्पिनर नाहिदा ने 13 रन देकर दो जबकि ऑफ स्पिनर सुल्ताना खातून ने 30 रन देकर दो विकेट चटकाए।

### दो मैच खेल जीता फाइनल

भारत ने श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को सेमीफाइनल मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ने के बाद फाइनल में जगह बनाई थी। भारत ने फाइनल से पहले सिर्फ एक मैच मेजबान हांगकांग के खिलाफ खेला। टीम का यह टूर्नामेंट में पहला मैच था जो उसने नौ विकेट से जीता। इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ सेमीफाइनल सहित भारत के तीन मैच एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ गए। बारिश के करण टूर्नामेंट में आठ मैच नहीं खेले जा सके।

## खबर संक्षेप



### बेंगलुरु एफसी ने विक्रम को जोड़ा

बेंगलुरु। इंडियन सुपर लीग टीम बेंगलुरु एफसी ने गोलकीपर विक्रम सिंह को एक साल के लिए अनुबंधित किया है। क्लब ने बुधवार को यह जानकारी दी। विक्रम इससे पहले आईलीग में आइजोल एफसी की ओर से खेलते थे। विक्रम ने कहा, 'मैं एक नई यात्रा शुरू करने के लिए बेहद उत्साहित हूं क्योंकि मेरा मानना है कि इससे मुझे गोलकीपर के रूप में प्रगति करने में मदद मिलेगी। मैं अपने नए साथियों, कोच और निश्चित रूप से देश भर में मौजूद प्रशंसकों से मिलने के लिए उत्सुक हूं।'

### हमें खुद पर विश्वास बनाए रखना होगा : कोच

बैंकॉक। एएफसी अंडर-17 एशियाई कप में अपनी उम्मीदों को बरकरार रखने के लिए जापान के



खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करने की स्थिति का सामना कर रहे भारत के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने अपने खिलाड़ियों से नए सिरे से शुरुआत करने और खुद पर विश्वास बनाए रखने को कहा है। भारत मंगलवार को ग्रुप डी के अपने दूसरे मैच में उज्बेकिस्तान से 0-1 से हार गया और उसे टूर्नामेंट में पहली जीत का इंतजार है। भारत शुक्रवार को अपने अंतिम ग्रुप डी मैच में गत चैंपियन जापान से भिड़ेगा।

### दिमाग और शरीर को फिट रखता है योग

बेंगलुरु। पुरुष हॉकी टीम के उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा है कि योग भारतीय हॉकी टीमों की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गया है। इस प्राचीन पद्धति से खिलाड़ियों को तनाव कम करने और अपने दिमाग तथा शरीर को फिट रखने में मदद मिल रही है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय पुरुष और महिला हॉकी खिलाड़ियों ने योग को अपनी अभ्यास प्रणाली का हिस्सा बनाया है। हार्दिक ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कहा, 'सबसे पहले जब हमें योग कराया गया तो हमें लगा कि यह बहुत धीमा है और सभी आसन को ठीक से करना आसान नहीं है। हमारे में से कई लोगों ने योग का एक घंटे का अभ्यास करने की जगह जिम में वजन उठाना पसंद किया।'

### समूहों में पहुंची पाक फुटबॉल टीम



बेंगलुरु। पाकिस्तान ने मेजबान भारत के खिलाफ सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप के अपने पहले मैच से पहले इस तरह की तैयारी की उम्मीद नहीं की होगी। टीम के आधे से अधिक खिलाड़ी बुधवार को होने वाले मुकाबले से सिर्फ छह घंटे पहले भारत पहुंचे क्योंकि एक ही फ्लाइट में सभी टिकट उपलब्ध नहीं थे। अजीब परिस्थितियों की शुरुआत पाकिस्तान टीम के बुधवार तड़के एक बजे मॉरिशस से यहां पहुंचने पर हुई। खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ सहित पाकिस्तान दल के 32 सदस्यों को एक ही विमान में सीटें नहीं मिली और उन्हें दो समूह में यात्रा करनी पड़ी।

## सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप में 4-0 से जीता मैच

# छेत्री की हैट्रिक, रिकॉर्ड 90 गोल भारत ने पाकिस्तान को हराया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

सुनील छेत्री की हैट्रिक की मदद से भारत ने सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप में बुधवार को अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 4-0 से हराया। इसके साथ ही छेत्री अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने वाले दूसरे एशियाई खिलाड़ी बन गए। ईरान के अल देइ के 149 मैचों में 109 गोल हैं जबकि छेत्री के अब 90 गोल हो गए हैं।

भारत ने मैच की शुरुआत से ही अपना फॉर्म और अनुभव दिखाना शुरू कर दिया था। वर्षा से प्रभावित मैच में पाकिस्तानी टीम भारत के सामने कहीं ठहर ही नहीं रही थी। छेत्री ने रविवार को भुवनेश्वर में लेबनान के खिलाफ इंटर कांटिनेंटल कप फाइनल में शानदार प्रदर्शन के बाद अपने घरेलू मैदान पर भी बेहतरीन खेल दिखाया।

### मैच का रोमांच

भारत ने दसवें मिनट में छेत्री के फील्ड गोल के दम पर बढ़त बनाई। छह मिनट बाद छेत्री ने पेनल्टी पर गोल करके बढ़त दोगुनी कर दी। पहले हाफ में भारत के और भी गोल होते लेकिन पाकिस्तानी डिफेंस मुस्तैद हो गया था और भारत ने भी कुछ मौके गंवाए। भारत ने दूसरे हाफ में लय नहीं खोई। भारत ने 74वें मिनट में तीसरा गोल किया और इस बार भी गोल करने वाले भारतीय कप्तान छेत्री ही थे। उदांता सिंह ने 81वें मिनट में एक और गोल करके पाकिस्तान की सारी उम्मीदें तोड़ दी।



### कुवैत ने नेपाल को हराया

*कुवैत ने सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप के पहले मैच में बुधवार को नेपाल को 3-1 से हराया। पहली बार सैफ चैंपियनशिप में भाग ले रहे कुवैत ने शुरुआती मिनट से ही दबदबा बनाए रखा। दूसरी ओर नेपाल की टीम जवाबी हमले करने में नाकाम रही। कुवैत को 23वें मिनट में पहला मौका मिला जिस पर उन्होंने बढ़त बना ली। खालिद हाजिया ने यह गोल दागा। वहीं शाबाइब अलखाल्दी ने 42वें मिनट में दूसरा गोल किया। कुवैत के लिए मोहम्मद अब्दुल्ला ने तीसरा गोल करके बढ़त तिगुनी कर दी। नेपाल ने आखिरी क्षणों में गोल किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।*

### 23 हजार दर्शकों ने देखा मैच

छेत्री ने मैच के बाद कहा, 'इस शुरुआत से खुश हूं। इस तरह के हालात में मैच आसान नहीं होते। मुझे खुशी है कि दर्शक मैच देखने आए।' श्री कांतीर्वा स्टेडियम पर मैच देखने के लिए 22860 दर्शक जमा थे जो बारिश के बीच भी टीम की हौसलाअफजाई करते रहे। भारत का सामना अब शनिवार को नेपाल से होगा।

### भारतीय कोच को मिला रेड कार्ड

भारत के कोच इगोर स्टिमक की एक गलती ने मैच में तनाव बढ़ा दिया। बेहद अनुभवी कोच स्टिमक ने उस समय दखल दिया जब पाकिस्तान के अब्दुल्ला इकबाल थ्रो इन की तैयारी में थे। स्टिमक ने खिलाड़ी से गेंद रोकने की कोशिश की जिसकी पाकिस्तानी खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ ने निंदा की। इसके बाद स्टिमक को लाल कार्ड दिखाया गया। इसके बाद स्टिमक को डगआउट छोड़कर जाना पड़ा ।

# रोनाल्डो के वर्ल्ड रिकार्ड 200वें मैच में 123वां



एजेंसी ▶▶ बर्लिन

क्रिस्टियानो रोनाल्डो 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बने और इस उपलब्धि का जश्न उन्होंने 89वें मिनट में गोल दागकर मनाया। पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वालीफायर में आइसलैंड को 1-0 से हराया। पदार्पण के लगभग 20 साल बाद पुर्तगाल के लिए 200वें मुकाबले की शुरुआत से पहले गिनीज विश्व रिकॉर्ड्स ने 38 साल के रोनाल्डो को सम्मानित किया। रोनाल्डो के मंगलवार रात को दागे गोल की बदौलत पुर्तगाल ने ग्रुप जे में चार मैच में चौथी जीत दर्ज करते हुए यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई करने का अपना दावा मजबूत किया।

ग्रुप जे में रोनाल्डो ने पुर्तगाल की ओर से अपना 123वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा। उन्होंने गोंजालो इनासियो के हेडर से मिली गेंद को गोल में पहुंचाया। एर्लिंग हैलेंड के दो गोल की मदद से नॉर्वे ने साइप्रस को 3-1 से हराया जबकि रोमेलु लुकाकु के दो गोल की बदौलत बेल्जियम ने एस्टोनिया को 3-0 से शिकस्त दी। पोलैंड को मालदोवा के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यूरो 2024 के मेजबान जर्मनी को भी मैत्री मैच में कोलंबिया के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा।

### स्कॉटलैंड की चौथी जीत

ग्रुप के अन्य मैचों में लग्जमबर्ग ने बोस्निया एवं हर्जेगोविना को 2-0 से हराया जबकि स्लोवाकिया ने लिचटेनस्टीन को 1-0 से शिकस्त दी। ग्रुप ए में नॉर्वे की जीत के बावजूद स्कॉटलैंड ने जॉर्जिया को 2-0 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी जगह बरकरार रखी है। स्कॉटलैंड और जॉर्जिया के बीच मुकाबला तेज बारिश और मैदान पर पानी भरने से लगभग एक घंटा और 40 मिनट की देरी से शुरू हुआ। स्कॉटलैंड ने अब तक अपने चारों मुकाबले जीते हैं।

# प्रणय और कश्यप ने प्री क्वार्टर में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶ ताइपे

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों एचएस प्रणय और पारुपल्ली कश्यप ने बुधवार को यहां अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ ताइपे ओपन के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।


दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को स्थानीय खिलाड़ी लिन यू सिएन को इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में सिर्फ 26 मिनट में 21-11, 21-10 से हराने के दौरान अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स सुपर 300 का खिताब जीतने वाले तीसरे वरीय प्रणय अगले दौर में चेन ची




टिंग और टॉमी सुगियार्तो के बीच पहले दौर के मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता कश्यप ने भी जर्मनी के सैमुअल सियाओ के खिलाफ सीधे गेम में 21-15, 21-16 की आसान जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई।

### वीनस को विंबलडन में मिला वाइल्ड कार्ड

*विंबलडन। वीनस विलियम्स विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग में 24वीं बार हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। अमेरिका की इस 43 वर्षीय खिलाड़ी को बुधवार को वाइल्ड कार्ड से इस प्रतिष्ठित ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रवेश दिया*




*गया। वीनस विंबलडन में पांच बार की एकल चैंपियन हैं। दुनिया की 697वें नंबर की खिलाड़ी वीनस ने सोमवार को बर्मिंघम क्लासिक में 48वें नंबर की कैमिला जियॉर्जी को 7-6 (5), 4-6, 7-6 (6) से हराया था। यह शीर्ष 50 में शामिल खिलाड़ी के खिलाफ लगभग चार साल में उनकी पहली जीत थी।*

# सितंबर में डेविस कप कॅरियर को अलविदा कहेंगे बोपन्ना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने बुधवार को कहा कि वह मोरक्को के खिलाफ सितंबर में अपने डेविस कप कॅरियर पर विराम लगाएंगे। उनकी अपने राज्य कर्नाटक में विदाई मैच खेलने की उनकी ख्वाहिश पूरी नहीं हो सकेगी क्योंकि एआईटीए इस मैच की मेजबानी उत्तर प्रदेश को पहले ही दे चुका है। भारत को सितंबर में विश्व ग्रुप दो के मैच में मोरक्को से खेलना है।

डेविस कप में 2002 में पदार्पण करने वाले बोपन्ना भारत के लिए 32 मुकाबले खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, 'मैं सितंबर में अपना आखिरी डेविस कप मैच खेलने की सोच रहा हूं। मैं 2002 से टीम के साथ हूं। मैं चाहता था कि यह मैच बेंगलुरु में हो और मैने भारतीय खिलाड़ियों से भी इस बारे में बात की। वे सभी बेंगलुरु में खेलने को



लेकर खुश थे। अब महासंघ को देखना है कि वे बेंगलुरु में मुकाबला कराना चाहते हैं या नहीं। चूंकि मैं 20 साल से खेल रहा हूं तो मुझे बस कप्तान से बात करनी होगी कि क्या इसे वहां कराया जा सकता है। सभी आकर आखिरी बार मुझे खेलते देख सकेंगे।'

### इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के दो डब्लूटीसी अंक कटे

दुबई। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड पर पहले एशेज क्रिकेट टेस्ट के दौरान धीमी ओवर गति के लिए दो-दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक का जुर्माना लगाया गया है जबकि दोनों टीम के खिलाड़ियों की 40 प्रतिशत मैच फीस भी काटी गई है। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को



एजबस्टन में रोमांचक मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड को दो विकेट से हराया। आईसीसी ने कहा, 'आईसीसी के मैच रैफरी के एलीट पैनल में शामिल एंडी पाइक्राफ्ट ने दोनों टीमों को सजा सुनाई क्योंकि पाया गया था कि दोनों ने निर्धारित समय में दो-दो ओवर कम फेंके थे। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और इंग्लैंड के उनके समकक्ष बेन स्टोक्स ने जुर्माना स्वीकार कर लिया है जिससे औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।' इस जुर्माने से पैट कमिंस की ऑस्ट्रेलियाई टीम के नए चक्र के पहले टेस्ट के बाद 10 अंक ही रह जाएंगे।

## लाबुशेन को पछाड़कर नंबर एक बल्लेबाज बने रूट

# टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अश्विन

एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत के शीर्ष ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इंग्लैंड के जो रूट ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए।

अश्विन 860 अंक के साथ दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने हुए हैं। उनके बाद इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन 829 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। भारतीय गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह (772) और रविंद्र जडेजा (765) क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर बरकरार हैं। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली एक पायदान नीचे 14वें स्थान पर खिसक गए हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा 12वें स्थान पर हैं। चेतेश्वर पुजारा 25वें स्थान पर बने हुए हैं जबकि अजिंक्य रहाणे और




श्रेयस अय्यर एक-एक पायदान ऊपर चढ़कर क्रमशः 36वें और 37वें स्थान पर हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय बल्लेबाज हैं। वह 10वें स्थान पर हैं।

### रूट ने लगाई पांच स्थान की छलांग



बल्लेबाजों की रैंकिंग में रूट पांच स्थान की छलांग के साथ लाबुशेन को पछाड़कर नंबर एक बल्लेबाज बन गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के इंग्लैंड को एजबस्टन में रोमांचक पहले टेस्ट में दो विकेट से हराकर पांच टेस्ट की एशेज में 1-0 की बढ़त बनाने के एक दिन बाद रैंकिंग में बदलाव आया है। रूट ने इंग्लैंड की पहली पारी में 118 और दूसरी पारी में 46 रन बनाए जबकि लाबुशेन दोनों पारियों में बल्ले से छाप छोड़ने में नाकाम रहे। इंग्लैंड के खिलाफ शून्य और 13 रन बनाने वाले लाबुशेन तीसरे स्थान पर खिसक गए।

### दूसरे स्थान पर विलियमसन

न्यूजीलैड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन दो स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर आ गए। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड (एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर) और स्टीव स्मिथ (चार स्थान गिरकर छठे स्थान पर) भी नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज बनने की दौड़ में पिछड़ गए हैं। हालांकि शीर्ष छह बल्लेबाजों के बीच सिर्फ 26 रेटिंग अंक का अंतर है। गेंदबाजों में दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबादा ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस (824) को पछाड़कर 825 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### देश में कोरोना संक्रमण के 92 नए मामले

नई दिल्ली। देश में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 92 नये मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,49,93,671 हो गई है। वहीं,उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,786 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार,देश में संक्रमण से अभी तक 5,31,898 लोगों की जान गई है। अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, देश में अभी तक कुल 4,44,59,987 लोग संक्रमण मुक्त हुए हैं और मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत है।

### तमिलनाडु में आज से 500 शराब दुकानें बंद


चेन्नई। तमिलनाडु में राज्य द्वारा संचालित टीएएसएमएसी ने शराब की 500 खुदरा दुकानों को बंद करने के सरकारी आदेश को लागू करने की घोषणा की। ये दुकानें 22 जून से नहीं खुलेंगी।तमिलनाडु के मंत्री वी. सेंथिल बालाजी ने राज्य विधानसभा में गत अप्रैल में इस संबंध में घोषणा की थी। वह तब आबकारी विभाग के प्रभारी थे। ईडी ने 'नौकरी के बदले नकदी' कथित घोटाले में सेंथिल बालाजी को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया था। आज उनकी एक निजी अस्पताल में बाईपास सर्जरी की गई है। तमिलनाडु राज्य विपणन निगम ने एक बयान में,"तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के निर्देश " पर तब विधानसभा में की गई घोषणा का जिक्र करते हुए कहा कि इस संबंध में सरकारी आदेश 20 अप्रैल 2023 को जारी किया गया था।

### न्यूक्लियस मॉल संचालक से ईडी ने की पूछताछ

रांची। झारखंड में ईडी जमीन घोटाला मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही है। इस मामले में व्यवसायी और न्यूक्लियस मॉल के संचालक विष्णु अग्रवाल से बुधवार को ईडी ने रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ की। जांच एजेंसी ने उन्हें समन भेजकर बुलाया था। इससे पूर्व में अग्रवाल को आठ मई को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। वे कार्यालय गये भी थे, लेकिन बीमारी की वजह से उन्होंने समय की मांग की थी। ईडी ने विष्णु अग्रवाल से रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और प्रेम प्रकाश से रिश्ते, विवादित जमीनों की खरीद-बिक्री मामले के अलावा फर्जीवाड़ा करने में सहयोग करने वालों के बारे में जानकारी ली।

## अमेरिका में बुद्धिजीवियों, कारोबारियों व स्वास्थ्य विशेषज्ञों से मिले मोदी

■ न्यूयार्क (आईएएनएस)।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी अमेरिका यात्रा के पहले दिन मंगलवार को यहां बुद्धिजीवियों, दिग्गज कारोबारियों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों से मुलाकात की और उन्होंने भारत में निवेश के लिए आमंत्रित किया। बैठक में आर्थिक विकास और अंतरिक्ष अन्वेषण से लेकर बौद्ध धर्म और वैज्ञानिक स्वभाव तक कई विषयों पर चर्चा हुई। इन सबके बीच टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क के साथ बैठक ने सबसे ज्यादा ध्यान खिंचा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर बताया कि हेज फंड के संस्थापक, निवेशक और लेखक रे डेलियो के साथ अपनी बैठक में मोदी ने सरकार द्वारा आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए किए गए सुधारों पर प्रकाश डाला, जिसमें अनुपालन की शर्तों में कमी और बड़ी संख्या में कानूनी प्रावधानों को कम करना शामिल है और उन्हें भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। ऐतिहासिक विचित्रताओं के मानव जाति पर प्रभाव की व्याख्या करने वाले विचारक निकोलस नसीम तालिब से मुलाकात के बाद मोदी ने ट्वीट किया कि उनके पास कई मुद्दों पर दिलचस्प दृष्टिकोण हैं और मुझे उनमें से कुछ विषयों पर उन्हें सुनने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, उन्हें भारत के विकास के कदमों में काफी दिलचस्पी थी। मैंने इस बात पर जोर दिया कि हम अपने युवाओं में उद्यम और जोखिम लेने की भावना को कैसे पोषित कर रहे हैं। तालिब ने ट्वीट किया कि उन्होंने जोखिमों, कोविड की प्रतिक्रिया, वायरस को नियंत्रित करने जैसे सफल हस्तक्षेपों और छोटे-छोटे सीमित नुकसान बनाम एक बार के बड़े जोखिम पर चर्चा की।

बागची के अनुसार नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री पॉल रोमर के साथ मोदी की बैठक बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली आधार और डिजिलॉकर के उपयोग सहित भारत की डिजिटल यात्रा पर केंद्रित रही जो सरकारी दस्तावेजों तक सार्वभौमिक पेपरलेस पहुंच को सक्षम बनाती है। उन्होंने कहा, बातचीत में शहरी विकास के लिए भारत द्वारा की जा रही विभिन्न पहलों को भी शामिल किया गया। बागची ने ट्वीट किया, विज्ञान को लोकप्रिय बनाने वाले खगोल वैज्ञानिक नील डेग्रसे टायसन के साथ मोदी ने युवाओं के बीच वैज्ञानिक स्वभाव पैदा करने और भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण मिशन पर चर्चा की।

■ टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क, हेज फंड के संस्थापक रे डेलियो, विचारक निकोलस नसीम तालिब, नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री पॉल रोमर, खगोल वैज्ञानिक नील डेग्रसे टायसन, बौद्ध विद्वान रॉबर्ट थुरमैन आदि ने मोदी से की मुलाकात

बागची के अनुसार मोदी और बौद्ध विद्वान रॉबर्ट थुरमैन ने कैसे बौद्ध मूल्य वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में कार्य कर सकते हैं और उस धर्म की विरासत को संरक्षित करने के भारत के प्रयासों के बारे में बात की। मोदी ने ट्वीट किया कि वह बौद्ध धर्म पर अनुसंधान और विद्वता के प्रति उनके जुनून की प्रशंसा करते हैं।


बागची ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री ने ग्रैमी विजेता संगीतकार ए. फाल्गुनी शाह से मुलाकात की, जिन्हें फालू शाह के नाम से जाना जाता है, जिनका गीत, एबंडेंस इन मिलेट्स स्वस्थ और पर्यावरण के अनुकूल बाजरा के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि मोदी ने उनके संगीत के माध्यम से भारत और अमेरिका के लोगों को एक साथ लाने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने ट्वीट किया कि यह गीत मोदी के संयुक्त राष्ट्र को 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित करने के प्रस्ताव से प्रेरित था।

## मोदी व बाइडन यूक्रेन युद्ध पर करेंगे चर्चा

वाशिंगटन (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच होने वाली बातचीत में यूक्रेन का मुद्दा भी शामिल होगा। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सामरिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने मंगलवार को वाशिंगटन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मोदी और बाइडन शांति शिखर सम्मेलन या शांति प्रस्ताव पर किस स्तर तक बात करेंगे, इस पर अभी मैं कुछ नहीं कह सकता।' किर्बी ने कहा कि यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए अमेरिका तीसरे पक्ष के तौर पर किसी भी देश की भूमिका का स्वागत करता है। किर्बी इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति बाइडन के बीच बैठक के दौरान यूक्रेन युद्ध पर भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी की इस सप्ताह होने वाली राजकीय यात्रा के दौरान यूक्रेन युद्ध का मुद्दा उठेगा।' किर्बी ने कहा, "हालांकि, वे (मोदी और बाइडन) किस स्तर तक शांति शिखर सम्मेलन या शांति प्रस्ताव पर बात करेंगे, इस पर अभी मैं कुछ नहीं कह सकता। इसके लिए हमें उनकी राय का इंतजार करना होगा।

## होंडुरास की महिला जेल में दंगा, 41 कैदियों की मौत

■ तेगुसिगल्पा (आईएएनएस)।



होंडुरास की एक महिला जेल में हुए दंगे में कम से कम 41 कैदियों की मौत हो गई। देश के सार्वजनिक मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। अधिकारियों ने पता लगाया है कि 25 को जलाकर मार डाला गया और 16 को गोलियों से भून दिया गया।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। कैदियों के रिश्तेदारों के प्रतिनिधि डेल्मा ऑर्डोनेज ने कहा, अधिकारियों द्वारा जेल के लिए नए नियमों की घोषणा करने के बाद दंगा भड़क गया, जिसमें टीवी और अन्य उपकरणों पर प्रतिबंध लगाना और जब्त करना शामिल था। स्थानीय मीडिया के अनुसार, घायल कैदियों को तेगुसिगाल्पा के एक अस्पताल में दाखिल किया गया। जली हुई लाशों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही हैं।

उप सुरक्षा मंत्री जुलिसा विलानुएवा ने दंगा शुरू होने पर ट्विटर पर कहा, हम इस जेल में बर्बरता और अनियमितताओं को बर्दाश्त नहीं करेंगे। विलेनुएवा ने कहा, जेल में उन सभी लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए जांच शुरू की जाएगी जो संगठित अपराध में शामिल हैं। अधिकारियों द्वारा मृतक कैदियों के नामों के साथ जल्द ही मरने वालों की आधिकारिक संख्या जारी की जाएगी।

■ 25 को जलाकर मार डाला गया और 16 को गोलियों से भून दिया गया

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति शियोमारा कास्त्रो, जिन्होंने पिछले साल गिरोहों पर कार्रवाई शुरू की थी, ने सोशल मीडिया पर कहा कि वह महिलाओं की जघन्य हत्या से स्तब्ध हैं। होंडुरास, जो भ्रष्टाचार और सामूहिक हिंसा के लिए जाना जाता है, का जेल दंगों का इतिहास रहा है, जो अक्सर संगठित अपराध से जुड़े होते हैं। 2019 में उत्तरी बंदरगाह शहर तेला की एक जेल में सामूहिक हिंसा में कम से कम 18 लोग मारे गए थे।

## अरुणाचल को भारत के अभिन्न हिस्से के रूप में मान्यता देगी अमेरिकी सीनेट !

■ वाशिंगटन (भाषा)।

अमेरिकी सीनेट की एक शक्तिशाली समिति बुधवार को एक द्विदलीय प्रस्ताव पर विचार करेगी, जिसमें अरुणाचल प्रदेश को भारत के अभिन्न हिस्से के रूप में मान्यता देने का प्रावधान किया गया है। यह विधेयक सैन्य आक्रामकता के जरिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति बदलने की चीन की कोशिशों के बीच लाया गया है।

विदेशी संबंध मामलों की सीनेट समिति इस प्रस्ताव पर उस दिन चर्चा करेगी, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन दिन की आधिकारिक राजकीय यात्रा पर वाशिंगटन पहुंचेंगे। प्रस्ताव में एलएसी पर यथास्थिति बदलने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल करने समेत चीन की विभिन्न उकसावे भरी कार्रवाइयों की निंदा की गई है। इसमें विवादित क्षेत्रों में गांव बसाने, भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के शहरों और संरचनाओं के मंदारिन-भाषी नाम वाले मानचित्र प्रकाशित करने तथा भूटान के क्षेत्रों पर दावा जताने के लिए चीन की आलोचना की गई है।

डेमोक्रेट सीनेटर जेफ मर्कले और रिपब्लिकन नेता बिल हैगर्टी ने इस साल फरवरी में यह प्रस्ताव पेश किया था। 'इंडिया कॉकस' के सह-अध्यक्ष सीनेटर जॉन कॉर्निन ने इस प्रस्ताव को सह-प्रायोजित किया है। प्रस्ताव में इस बात का उल्लेख किया गया है कि भारत ने खुद को चीन की आक्रामकता और सुरक्षा खतरों से बचाने के लिए अपने दूरसंचार बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने और निवेश की गहन निगरानी करने सहित विभिन्न कदम उठाए हैं। इसमें अरुणाचल प्रदेश को सर्वसम्मति से भारतीय गणराज्य के अभिन्न हिस्से के रूप में मान्यता दी गई है। साथ ही भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का समर्थन किया गया है।

■ यह बिल सैन्य आक्रामकता के जरिए एलएसी पर यथास्थिति बदलने की चीन की कोशिशों के बीच लाया गया है

■ समिति इस प्रस्ताव पर उस दिन चर्चा करेगी, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाशिंगटन पहुंचेंगे

■ प्रस्ताव में एलएसी पर यथास्थिति बदलने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल करने समेत चीन की विभिन्न उकसावे भरी कार्रवाइयों की निंदा की गई है

### भारत को 'नाटो प्लस' में शामिल करने के लिए विधेयक लाएगा 'सीनेट इंडिया कॉकस'

वाशिंगटन (भाषा)। अमेरिका के वरिष्ठ सांसद मार्क वॉर्नर ने कहा कि वह भारत को 'नाटो प्लस' का हिस्सा बनाने के लिए एक विधेयक पेश करने की योजना बना रहे हैं, जिससे चीन की बढ़ती चुनौतियों के बीच शीर्ष अमेरिकी प्रौद्योगिकी और रक्षा उपकरणों को स्थानांतरित करने में नौकरशाही के स्तर पर पेश आ रही परेशानियों को दूर किया जा सकेगा। 'उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) प्लस' (वर्तमान में नाटो प्लस 5) एक सुरक्षा व्यवस्था है, जो रक्षा और खुफिया संबंधों को बढ़ावा देने के लिए नाटो और पांच गठबंधन देशों - आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जापान, इस्राइल व दक्षिण कोरिया- को एक साथ लाती है।

वॉर्नर ने मंगलवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "सीनेट इंडिया कॉकस में मेरे सह-अध्यक्ष सीनेटर (जॉन) कॉर्निन और मैं इस सप्ताह इस विधेयक को एक स्वतंत्र (स्टैंडअलोन) विधेयक और रक्षा प्राधिकरण अधिनियम में संशोधन विधेयक के तौर पर पेश करेंगे, ताकि भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को गति देने में मदद मिले।" वार्नर ने कहा, "हम जो प्रस्ताव रख रहे हैं, उसका मकसद तथाकथित नाटो प्लस5 व्यवस्था में भारत को शामिल करना है, जिससे अमेरिका मामूली नौकरशाही हस्तक्षेप के साथ नई दिल्ली को रक्षा उपकरणों की आपूर्ति करने में सक्षम हो पाए।" डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े वार्नर और रिपब्लिकन पार्टी के नेता कॉर्निन 'सीनेट इंडिया कॉकस' के सह-अध्यक्ष हैं। यह कॉकस अमेरिकी सीनेट में एकमात्र देश-विशिष्ट संसदीय कॉकस है।

## मणिपुर स्थिति : शाह ने 24 को सर्वदलीय बैठक बुलाई

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हिंसा प्रभावित मणिपुर की स्थिति पर चर्चा के लिए 24 जून को अपराह्न तीन बजे नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। गृह मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने इसकी जानकारी दी।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा के बुधवार शाम यहां गृहमंत्री से मुलाकात के बाद यह घोषणा की गई। शर्मा पूर्वोत्तर जनतांत्रिक गठबंधन (नेडा) के संयोजक भी हैं। शर्मा ने कुछ दिन पहले इंफाल का दौरा किया था और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और कई अन्य नेताओं से मुलाकात की थी। मेइती समुदाय की ओर से अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिये जाने की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किए जाने के बाद मणिपुर में हिंसक झड़पें हुई हैं। हिंसा में अब तक करीब 120 लोगों की जान गई है और 3,000 से अधिक घायल हुए हैं।

अमित शाह ने भी पिछले महीने चार दिनों के लिए मणिपुर का दौरा किया था और राज्य में शांति कायम करने के अपने प्रयासों के तहत विभिन्न वर्ग के लोगों से मुलाकात की थी। इससे पहले, मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के क्वाक्टा इलाके में बुधवार को एक पुलिया के पास खड़ी एसयूवी वाहन में विस्फोट होने से तीन लोग हो गए। गाड़ी के अंदर रखा बम संभवतः चालक के उतर कर वहां से हट जाने के बाद फटा, तीनों व्यक्ति उस वाहन के पास खड़े थे और विस्फोट की चपेट में आने से घायल हो गए।



न्यूयार्क : संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के दौरान योग सत्र में सर्वाधिक देशों से लोगों की भागीदारी के मामले में बने 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' का प्रमाण पत्र दिखातीं संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि की ताली बजाकर सराहना की ।

## छत्तीसगढ़ कोयला ढुलाई वसूली मामले में ईडी ने बेदखली आदेश जारी किया

■ नई दिल्ली (भाषा)।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि कोयला ढुलाई से संबंधित कथित वसूली मामले में धनशोधन की जांच के तहत उसने बेदखली के आदेश जारी किए हैं और 152 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों को जब्त किया है।

छत्तीसगढ़ सरकार की पूर्व नौकरशाह सौम्या चौरसिया, आईएएस के अधिकारी समीर विश्नोई, कोयला व्यापारी और मामले के मुख्य आरोपी सूर्यकांत तिवारी और अन्य की चल एवं अचल संपत्तियों सहित ये 91 संपत्तियां पिछले साल दिसंबर में ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत जब्त की थी।

■ 152 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियां जब्त कीं

ईडी ने पूर्व में कहा था कि उसकी जांच एक कथित बड़े घोटाले से संबंधित है जिसमें वरिष्ठ नौकरशाहों, कारोबारियों, नेताओं और बिचौलियों के समूह द्वारा छत्तीसगढ में प्रत्येक टन कोयले की ढुलाई के लिए 25 रुपये की अवैध उगाही की जा रही थी। ईडी ने एक बयान में कहा कि पीएमएलए के निर्णायक प्राधिकार ने सभी प्रतिवादियों को मौका देने और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद एक जून को जब्ती आदेश की पुष्टि की।

बयान में कहा गया, इसके तहत ईडी ने 81 अचल संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया है और पीएमएलए (जब्त की गई संपत्तियों के संबंध में प्राधिकार की मंजूरी) नियम, 2013 के अनुसार 10 अचल संपत्तियों के संबंध में बेदखली नोटिस जारी किया है। इन संपत्तियों में फ्लैट, आभूषण, कोयला वाशरी और भूखंड शामिल हैं, जो चौरसिया, विश्नोई, सूर्यकांत तिवारी और एक अन्य कोयला व्यापारी सुनील अग्रवाल से संबंधित हैं।

## बाइडन ने जिनपिंग को बताया तानाशाह

■ वाशिंगटन/बीजिंग (एजेंसियां)।



अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के ठीक एक दिन बाद कैलिफोर्निया में धन जुटाने के एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति जो बाइडन ने बीजिंग में अपने समकक्ष को तानाशाह कहा। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी की यात्रा पर हैं।

बीजिंग में शी के साथ सोमवार को ब्लिंकन की बैठक दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने के प्रयासों का हिस्सा थी, लेकिन प्रतीत होता है कि इसमें कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। वह शी के साथ मुलाकात करने वाले सबसे उच्च स्तर के अमेरिकी राजनयिक हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार की रात कैलिफोर्निया में एक शिलान्यास समारोह में बाइडन ने कहा कि हाल ही में एक संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारा जो अमेरिका में घुस गया था और अमेरिकी लड़ाकू जेट ने उसे मार गिराया था, उसे लेकर बने तनाव से शी शर्मिंदा हैं। राष्ट्रपति ने कहा, जिस वजह से शी जिनपिंग बहुत परेशान हो गए, जब मैंने जासूसी उपकरणों से भरे दो बॉक्सों वाले उस गुब्बारे को नीचे गिराया, तो क्या उन्हें नहीं पता था कि यह वहां था। यह तानाशाहों के लिए बहुत शर्मिंदगी की बात है, जब उन्हें पता नहीं होता कि क्या हुआ।

### बाइडन का बयान 'अत्यंत बेतुका व गैर-जिम्मेदाराना' : चीन

चीन ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की चीनी नेता शी जिनपिंग को तानाशाह करार देने संबंधी टिप्पणियों को 'बेहद बेतुकी और गैर-जिम्मेदाराना' बताया है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बुधवार को कहा कि बाइडन के बयान 'पूरी तरह तथ्यों के खिलाफ और कूटनीतिक प्रोटोकॉल का गंभीर रूप से उल्लंघन करने वाले हैं।' माओ ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "यह राजनीतिक रूप से उकसाने की खुल्लम-खुल्ला कार्रवाई है। चीन कड़ा ऐतराज और असंतोष जताता है।" बाइडन ने मंगलवार रात कार्यक्रम में कहा कि पूर्वी तट पर वायु सेना द्वारा मार गिराए गए एक संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे को लेकर हाल के तनाव पर शी शर्मिंदा हुए। उन्होंने कहा, "तानाशाहों के लिए यह बहुत बड़ी शर्मिंदगी है, जब उन्हें पता नहीं हो कि क्या हुआ।" माओ निंग ने चीन की इस दलील को दोहराया कि यह गुब्बारा मौसम संबंधी अनुसंधान के लिए था और जाहिर है कि यह दुर्घटनावश फट गया।

## इमरान के खिलाफ गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट

लाहौर (वार्ता)। लाहौर में आतंकवाद-निरोधक अदालत (एटीसी) ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पार्टी (पीटीआई) के अन्य नेताओं के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। पीटीआई नेताओं में हम्माद अजहर, मियां असलम इकबाल और अन्य नेता शामिल हैं। लाहौर की आतंकवाद निरोधक अदालत के न्यायाधीश अभेर गुल खान ने मंगलवार को नौ मई की हिंसा के दौरान आगजनी के दो मामलों में पीटीआई के अध्यक्ष इमरान और उनकी पार्टी के छह अन्य नेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। पुलिस इमरान को गिरफ्तार कर इन मामलों में अदालत में पेश कर सकती है। लाहौर पुलिस ने खान और पीटीआई के अन्य नेताओं के खिलाफ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के पार्टी कार्यालय और कंटेनर पर हमला करने के लिए आरोपियों के खिलाफ नसीराबाद और लाहौर के मॉडल टाउन पुलिस थानों में 10 मई को दो प्राथमिकियां दर्ज की गई थी।

## वैश्विक लैंगिक सूचकांक में आठ पायदान चढ़कर भारत 127वें स्थान पर पहुंचा

■ नई दिल्ली (भाषा)।

लैंगिक समानता के मामले में भारत का स्थान 146 देशों में 127वां हो गया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, 2023 के अनुसार भारत की स्थिति में पिछले साल की तुलना में आठ स्थान का सुधार हुआ है। डब्ल्यूईएफ ने 2022 की अपनी रिपोर्ट में वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक में भारत को 146 में 135वें स्थान पर रखा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछली बार से भारत की स्थिति में 1.4 प्रतिशत अंकों और आठ स्थानों का सुधार हुआ है और यह 2020 के समानता स्तर की ओर आंशिक रूप से पहुंचा है।

रिपोर्ट के अनुसार देश में शिक्षा के सभी स्तरों पर पंजीकरण में समानता प्राप्त की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने अपने 64.3 प्रतिशत लैंगिक अंतराल को पाट दिया है। हालांकि, इसमें रेखांकित किया गया है कि आर्थिक सहभागिता और अवसर को लेकर भारत केवल 36.7 प्रतिशत समानता के स्तर पर पहुंचा है। इस सूचकांक में भारत के पड़ोसी देशों-पाकिस्तान का स्थान 142वां है जबकि बांग्लादेश का 59वां स्थान, चीन का 107वां स्थान, नेपाल का 116वां स्थान, श्रीलंका का 115वां स्थान और भूटान का 103वां स्थान है। आइसलैंड लगातार 14वें साल दुनिया का सबसे अधिक लैंगिक समानता वाला देश बना हुआ है।

■ विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, 2023 के अनुसार भारत की स्थिति में पिछले साल की तुलना में आठ स्थान का सुधार हुआ है

भारत में जहां महिलाओं के वेतन और आय के मामले में थोड़ी वृद्धि हुई है, वहीं वरिष्ठ पदों और तकनीकी भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी पिछली रिपोर्ट के बाद से मामूली कम हुई है। राजनीतिक सशक्तीकरण पर, भारत ने 25.3 प्रतिशत समानता हासिल की है, जिसमें सांसदों में 15.1 महिलाएं हैं। यह 2006 में आई पहली रिपोर्ट के बाद से देश में महिला सांसदों की सर्वाधिक संख्या है। स्मृति ईरानी ने इस साल की शुरुआत में कहा था कि डब्ल्यूईएफ को अपनी लैंगिक अंतराल रिपोर्ट में स्थानीय सरकारी निकायों में महिलाओं की भागीदारी का आकलन करना होगा।

# नगर पालिका बोर्ड की पहली बैठक में करतल ध्वनि से 35 करोड़ एक लाख 95 हजार रुपए का बजट सभासदों ने किया पास



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर पालिका परिषद अहरौरा के बोर्ड की पहली बैठक दुर्गा जी स्थित सामुदायिक भवन में गुरुवार को हुई बैठक में नव निर्वाचित सभासदों का एक दूसरे के साथ परिचय होने के बाद सर्वसम्मति से सभासदों ने वित्तीय वर्ष 2023 - 24 का वार्षिक बजट 35 करोड़ एक लाख 95 हजार रुपए के अनुमानित आय का करतल ध्वनि से पास किया । बजट में वित्तीय वर्ष 2023-24 का अनुमानित व्यय 32 करोड़ 49 लाख 20 हजार रुपए रखा गया है । बैठक में अधिशासी अधिकारी रामदुलार यादव ने बताया की पिछले वित्तीय वर्ष का 5 लाख 75 हजार रुपए बोर्ड फंड, 19 लाख रुपए राज्य वित्त एवं 58 लाख रुपए 15 वा वित्तीय वर्ष का पिछले वित्तीय वर्ष का अवशेष बचा हुआ है । वर्तमान वित्तीय वर्ष का बजट अधिशासी अधिकारी/ नगरपालिका अध्यक्ष ने 35 करोड़ 1 लाख 95 हजार रुपए आय का रखते हुए इस पर चर्चा कराए जाने की सदन से अपील किया । सदन में चर्चा के बाद बजट को सभासदों ने करतल ध्वनि से पारित कर दिया । बजट पास होने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने सभी सभासदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की आप हमारा सहयोग कीजिए हम आपका सहयोग करेंगे और हम लोग मिलकर के नगर पालिका अहरौरा को एक सुंदर नगर पालिका बनाएंगे । बैठक में उपस्थित स्थानीय विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा की अहरौरा में भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन का सरकार है अब अहरौरा के विकास को कोई रोक नहीं पाएगा और अहरौरा प्रदेश का एक आदर्श नगर पालिका बनेगा । विधायक ने भी सर्वसम्मति से बजट पास होने पर नगर पालिका की पूरी टीम को बधाई दिया । बैठक में सभासद इरशाद आलम ,मोहम्मद सलीम ,आशीष कुमार ,संजय जायसवाल ,संजय पटेल, अशोक मौर्य, प्रमोद मौर्य, नगीना देवी, गुलशन बीवी, रीनू पटेल , सहित सभी सभासद उपस्थित रहे।

## मगन दीवाना मंदिर के आश्रम पर गिरा आकाशीय बिजली, सामान जलकर नष्ट पुजारी झुलसा

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। थाना क्षेत्र के मगन दीवाना पहाड़ पर स्थित दुर्गा मंदिर के पुजारी के डेरे पर आकाशीय बिजली गिरी समान समेत डेर को भारी नुकसान पुजारी झुलसे, मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर तेज बारिश के साथ बिजली गर्जना सुरू हुवा पुजारी डेरे से मंदिर में जाकर कपाट बंद कर रहे थे तभी पुजारी के आश्रम पर तेज आकाशीय बिजली गिरी जिससे वहां रखा जनरेटर अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण समेत खाने की सामग्री एवं भारी मात्रा में रखे गए उपले जलकर राख हो गया। पुजारी वीरेंद्र दास उर्फ मारुति बाबा उम्र 65 वर्ष एवं उनके सहयोगी अर्जुन दास उम्र 85 वर्ष जले हुए सामान को बचाने के चक्कर में झुलस गए। यह तो संयोग अच्छा रहा की पुजारी मंदिर का कपाट बंद करने गए थे नहीं तो वह भी बिजली के चपेट में आ जाते। बिजली गिरने की सूचना जैसे अन्य भक्तो को मिली। मंदिर पर जा पहुंचे एवं नुकसान का अवलोकन कर पी आर बी डायल 112 को सूचना दी सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने पुजारी समेत अन्य लोगों को इसकी सूचना लिखित रूप से स्थानीय थाने को देने को कह कर चले गए। भक्त मिथिलेश पांडे उर्फ माखन गुरु, शैलेंद्र श्रीवास्तव समेत अन्य लोगों ने इसकी लिखित सूचना स्थानीय थाने को दी।



## राष्ट्रीय पक्षी के साथ क्रूरता वीडियो वायरल, आरोपी को वन विभाग ने छोड़ा

प्रखर चंदौली। चकिया चंद्रप्रभा के वन्य जीव बिहार क्षेत्र जिसमे तमाम तरह के वन्य जीव निवासी करतें है, जिनमे हिरन, भालू जंगली सुवर, समेत विभिन्न प्रकार के पशु पक्षियों का निवास है वही क्षेत्र के राजदरी देवदरी पर्यटको के आकर्षण का केंद्र बना रहता है जहाँ लाखों कि संख्या मे पर्यटक घूमने आते है। तो वही दूसरी तरह इन वन्य मे रहने वाले जीव जंतुओ पर शिकारीयों कि भी नजर बनी रहती है। आपको बता दें कि चकिया क्षेत्र मे राष्ट्रीय पक्षी मोर के साथ क्रूरता करतें हुए एक व्यक्ति का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो मे दिख रहा शख्स राष्ट्रीय पक्षी को पकड़ कर हत्या कि नियत से उसके पैरो को क्रूरता पूर्वक बांध रहा है। वही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आरोपी शख्स को जंगल विभाग द्वारा पकड़ कर लें जाया जाता है लेकिन कुछ देर बाद आरोपी शख्स को छोड़ दिया जाता है।



**राष्ट्रीय पक्षी को लेकर जाने क्या है कानून**– भारत सरकार ने 26 जनवरी 1963 को मोर को राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया. ... इंडियन वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट, 1972 के तहत मोर या किसी भी पक्षी को मारने पर 7 साल की सजा का प्रावधान है।

वही सूत्रों कि माने तो इन शिकारीयों पर वन्य विभाग का संरक्षण प्राप्त है पकड़े जाने के बाद वन्य विभाग के अधिकारीयों द्वारा इन शिकारीयों से पैसे लेकर इन्हे छोड़ दिया जाता है।

## 2 हफ्ते में पांचवीं बार जला ट्रांसफार्मर ग्रामीणों में हाहाकार, अधिकारी मौन

### ट्रांसफॉर्मर का लोड नहीं बढ़ने की वजह से आए दिन जल रहा ट्रांसफार्मर- ग्रामीण

प्रखर चंदवक जौनपुर। जौनपुर जिले के केराकत ब्लाक अंतर्गत आने वाले बंतरी परसौड़ी गांव में बीते 2 हफ्ते में 5 वीं बार ट्रांसफार्मर जल गया, जिसकी वजह से ग्रामीणों में हाहाकार मचा हुआ है। शिकायत के बाद का ट्रांसफार्मर तो बदल जाता है लेकिन उसका लोड न बढ़ने की वजह से आए दिन ट्रांसफार्मर चल जलता रहता है, जिसकी वजह से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार परसौडी में लगा ट्रांसफार्मर इस भीषण गर्मी में लोड नहीं उठा पा रहा और हर तीसरे दिन जल जा रहा। बार-बार ग्रामीणों द्वारा ट्रांसफार्मर का लोड़ बढ़ाने की सिफारिश की जाती है लेकिन अधिकारियों व कर्मचारियों के कान पर जूं तक नहीं रंगती और ज्यादा करने पर पुनः उसी लोड का ट्रांसफार्मर लगा दिया जाता है और वह फिर जल जाता है। ट्रांसफार्मर जलने के बाद उक्त ग्राम सभा के कनेक्शन धारी पुष्पा चौरसिया, दीना विश्वकर्मा, गब्बर यादव, विश्वकर्मा गौरव, जयसवाल, गया यादव, मेवा लाल विश्वकर्मा, राज अशोक मौर्य इत्यादि लोगों का कहना है कि हम लोग आए दिन बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। लेकिन बिजली कर्मियों हमारी एक नही सुनते।



## जिला उप मंत्री एजाज अहमद का हुआ भव्य स्वागत



प्रखर गौराबादशाहपुर, जौनपुर। नगर पंचायत गौराबादशाहपुर स्थित प्राचीन थाना परिसर में (अध्यक्ष) डॉ० जयसिंह राजपूत द्वारा जन जागरण एवं कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता थाना अध्यक्ष श्री रमेश कुमार द्वारा करते हुए थाना अपराध निरोधक कमेटी गौराबादशाहपुर के पदाधिकारी एवं सदस्यों को अपने कर कमलों द्वारा कार्ड वितरीत किया गया एवं अपने संबोधन में उन्होंने कहां की मैं आप लोगों से सहयोग और आशीर्वाद की कामना करता हूं एवं जो भी मुझे कार्यभार मिला है मैं निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने का पूरा-पूरा प्रयास करूंगा (जिला उपमंत्री) एजाज अहमद का फूल माला द्वारा स्वागत किया गया, उनके द्वारा कमेटी के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए यह बताया गया कि अगर स्वयं आप अच्छा कार्य करेंगे तो जनता आपके साथ जुड़ती जाएगी और समाज में सामाजिक समरसता बढ़ती जाएगी, इसी कड़ी में बिंद्रेश शर्मा (उपाध्यक्ष) ठा० आद्या प्रसाद सिंह फतेहगंज, ध्रुवराज (योगा मास्टर) मार्कंडेय तिवारी मंत्री सिकरारा आदि लोगों ने भी अपना अपना मत व्यक्त किया,इस अवसर पर (उपमंत्री) इंद्रदेव उपाध्यक्ष, रंजीत, नोखाई, महेंद्र कुमार उपाध्याय सिकरारा, यादवेंद्र दुबे मुख्य सलाहकार, पन्नालाल बनवासी, विजय कुमार मौर्य कोषाध्यक्ष, प्रेमचंद चौहान, सपन राजभर, राम पलट आदि लोग उपस्थित रहे एवं संचालन मंत्री सुरेंद्र कुमार सोनकर एडवोकेट द्वारा किया गया।

## आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश ईकाई में संगठन का किया गया विस्तार : बृजेश बिन्द

प्रखर चंदौली। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश के मण्डल अध्यक्ष बृजेश बिन्द ने आज एक बैठक करके गीता वर्मा को वाराणसी मण्डल का सचिव नियुक्त किया है तथा रामसेवक को मण्डल उपाध्यक्ष बनाया है। उसी तरह महानगर वाराणसी में ओमप्रकाश जायसवाल का महानगर उपाध्यक्ष राजन चौधरी का सचिव सुनील जायसवाल का सचिव तथा राजन जायसवाल का चेतगंज प्रखंड अध्यक्ष और वाराणसी जिला में रामनारायण यादव को जिला सचिव संदीप जायसवाल और कल्लू राम को भी जिला सचिव बनाया गया। इसकी जानकारी प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश तिवारी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी जिला अध्यक्ष बह्मदेव मिश्रा को दिया गया।

## नहर में गिरे तीन बाइक सवार, मदद ना मिलने की वजह से तड़पकर तीनों की मौत

### कुछ देर बाद दूसरे बाइक सवार भी नहर में जा गिरे उनको हल्की चोट आई, उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस लेकिन तीनों की हो चुकी थी मौत

प्रखर मिजार्पुर। संतनगर थाना क्षेत्र के पटेहरा मोड़ के पास बुधवार की देर रात शादी से घर लौटते समय बाइक अनियंत्रित होकर नहर में चली गई। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायल वहीं पड़े रहे। मदद न मिलने के कारण तीनों की मौत हो गई। घंटे भर बाद एक और बाइक सवार नहर में गिरे, पर उनको हल्की चोट आई। उन्होंने तीनों युवकों को नहर में पड़ा देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो तीनों युवकों की मौत हो गई थी। शव को नहर से निकालकर पुलिस ने शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दिया। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पचोखरा गांव निवासी राजू के पुत्र विकास की शादी पटेहरा बहुद्देश्यीय भवन में थी। शादी में शामिल होने के लिए गांव निवासी मनीष (18) पुत्र रामकरन, रामबाबू उर्फ छोटू (20) पुत्र गिरजा, प्रमोद (21) पुत्र जीतराम बाइक से गए थे। देर रात लगभग एक बजे तीनों बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में पटेहरा मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर नहर में चली गई। हादसे में बाइक सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कोई मदद न मिलने से तीनों नहर में तड़पते हुए दम तोड़ दिया। वहीं पर कुछ घंटे बाद एक और घटना हुई। एक बाइक सवार नहर में गिर गया। उसे हल्की चोट आई। उसने तीनों बाइक सवारों को नहर में पड़ा देखकर पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को नहर से निकाला। तब तक तीनों की मौत हो गई थी। पुलिस ने शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचना दिया। मौत की सूचना से तीनों परिवारों में कोहराम मच गया।



## एक करोड़ की हीरोइन, 40 हजार नगद सहित 03 हेरोईन तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन में बुधवार को क्षेत्राधिकारी नगर, स्वाट टीम, सर्विलांस टीम व थाना जंगीपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर हेरोइन की तस्करी करने जा रहे 03 हेरोईन तस्कर क्रमशः चन्दजीत सिंह यादव पुत्र स्व0 रामवृक्ष यादव निवासी ग्राम माहेपुर थाना करण्डा जनपद गाजीपुर उम्र करीब 50 वर्ष, कैलाश यादव पुत्र स्व0 कमला यादव निवासी ग्राम नसीरपुर थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 55 वर्ष तथा जितेन्द्र कुमार गुप्ता उर्फ मुन्ना पुत्र स्व0 रामकृपाल गुप्ता निवासी ग्राम उर्दू बाजार थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र करीब 56 वर्ष को नेशनल हाईवे पर बेसो नदी पुलिया थाना जंगीपुर के पास से गिरफ्तार करते हुए अभियुक्तगण के पास से कुल 1 किलो 80 ग्राम नाजायज हेरोइन खरीद व बिक्री के 40 हजार रुपए नगद तथा 01अदद मोटरसाइकल बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गयी । पकड़े गए अभियुक्त के विरूद्ध थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर में एनडीपीसी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण के अन्य आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में गौरव सिंह क्षेत्राधिकारी नगर, थानाध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय थाना जंगीपुर, उप निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी प्रभारी सर्विलांस सेल, उप निरीक्षक कृपाशंकर उपाध्याय थाना जंगीपुर, हेड कांस्टेबल सुधीर राय थाना जंगीपुर, हेड कांस्टेबल संजय रजावत सर्विलांस सेल, हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र यादव सर्विलांस सेल, कांस्टेबल राकेश सोनकर स्वाट टीम, कांस्टेबल अजय प्रसाद स्वाट टीम, कांस्टेबल ओमप्रकाश सिंह स्वाट टीम, कांस्टेबल अश्वनी सिंह थाना जंगीपुर, कांस्टेबल आकाश कुमार सिंह थाना जंगीपुर, कांस्टेबल अभिनव कुमार थाना जंगीपुर, कांस्टेबल सदानन्द यादव थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर शामिल रहे।



## पुरा छात्र परिषद के सौजन्य से स्थापित होगी कुटीर सौर उर्जा संयंत्र

प्रखर जौनपुर। जनपद के अग्रणी महाविद्यालयों में से एक कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में आगामी 29 जून को कुटीर सौर ऊर्जा संयत्र की स्थापना होगी। आपको बता दे कि यह ऊर्जा संयंत्र पुरातन छात्र परिषद के मद से स्थापित किया जाना है जिसमें महाविद्यालय से पूर्व अध्ययनरत छात्र छात्राओं का आर्थिक सहयोग रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर मेजर डॉ रमेश मणि त्रिपाठी ने पत्रकार एवं शिक्षक पंकज कुमार मिश्रा से उक्त जानकारी साझा करते हुए बताया कि महाविद्यालय के उत्थान और विकास के लिए कुटीर पीजी कॉलेज चक्के जौनपुर ने पुरातन छात्र परिषद की स्थापना की जिसमें ऐसे सभी छात्र छात्राओं को जोड़ा गया जिन्होंने पूर्व के महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की और अब उनके सहयोग से ऐसे जनोपयोगी कार्य किए जा रहे। आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि दिनांक 29/6/2023 को पुरा छात्र परिषद के सौजन्य से 5किलोवाट का कुटीर सौर ऊर्जा संयत्र का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा और उक्त अवसर पर महाविद्यालय के समस्त पुरातन छात्र/छात्राएं जो पंजीकरण कराने के बाद किसी कारणवश पुरातन छात्र समागम 2023 मे गत 22 अप्रैल को सहभागिता नही कर सके थे उन्हें कुटीर सौर उर्जा संयत्र के लोकार्पण अवसर पर सम्मानित भी किया जायेगा। उन्होंने ऐसे सभी छात्र छात्राओं से अपील किया कि अत उक्त अवसर पर वे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा इसकी सूचना अवश्य दे।



## संक्षिप्त खबरें

### उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य का भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत



प्रखर वाराणसी। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य पहुंचे लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट वाराणसी भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने में प्रमुख रूप से विधायक डॉ अवधेश सिंह, जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा एमएलसी महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय काशी के मेयर अशोक तिवारी धर्मेंद्र सिंह आरपी कुशवाहा जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या पवन सिंह डॉ प्रकाश दुबे के साथ शैलेश पांडे प्रोटोकॉल प्रभारी भाजपा उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा काशी क्षेत्र प्रभारी रहे।

### लकी ड्रा में सरोज कुमार को मिला स्कूटी, 1248 ग्राहकों में 108 हुए विजेता



प्रखर शाहगंज जौनपुर। नगर के मेन रोड स्थित आजम एण्ड कम्पनी द्वारा ग्राहकों के किसी भी प्रोडक्ट की खरीद पर एक फ्री कूपन दिया गया।जिसमें कुल 1248 ग्राहकों ने उक्त प्रतिष्ठान से अलग अलग सामान खरीदा और साथ में एक कूपन में मिला।जिसको ड्रा द्वारा सभी कूपनों को खोला गया।जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में क्षेत्र के ग्राम बड़ौना निवासी सरोज कुमार को स्कूटी प्राप्त हुआ तो वहीं मोहम्मद हुसैन खानजहा पुर निवासी और नगर के मोहल्ला भादी निवासी राशिद हैदर को कूलर मिला। इसके अलावा कुल मिलाकर 108 विजेताओं को प्रेस, हाट पाट, फरार्टा फैन सहित विभिन्न प्रकार घरेलू उपकरण पुरस्कार के रूप में प्राप्त हुआ। इस मौके पर प्रतिष्ठान के अधिष्ठाता मोहम्मद आजम ने कहा की ग्राहकों को ब्रांडेड कम्पनियों के सामानों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हर वर्ष लकी ड्रा का आयोजन किया जाता है। उक्त मौके पर ओबेदुर्रह्मान, मौलाना अंजर, खुर्शीद जावेद,इंजीनियर गयासुद्दीन,मौलाना जाहिद,हाफिज राशिद सहित दर्जनों गणमान्य उपस्थित रहे।

### यूनियन बैंक की मुहम्मदपुर शाखा मे लगी आग, शाखा प्रबंधक के टेबल पर रखा कंप्यूटर समेत अन्य सामान जलकर खाक




प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा मुहम्मदपुर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने के चलते शाखा प्रबंधक का कंप्यूटर सहित मेज पर रखे अन्य सामान जलकर नष्ट हो गए। जानकारी के मुताबिक मुहम्मदपुर बाजार स्थित यूनियन बैंक की शाखा में सुबह 6:30 बजे बैंक के खिड़की की तरफ से धुआं निकलने लगा जिसको देखकर बाजार वासियों द्वारा पुलिस को 112 नंबर पर सूचना दी गई। आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग के साथ बैंक के कर्मचारियों को दी गई। जानकारी पाकर बैंक मैनेजर रवि चौधरी और बैंक के अन्य स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचे और खोलकर देखा तो शाखा प्रबंधक के टेबल पर रखा हुआ कंप्यूटर और अन्य सामान जैसे टेलीफोन और पंखा जलकर खाक हो गया। घटना का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। शाखा प्रबंधक ने बताया कि घटना के बाबत बैंक के उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है।

### क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय एवं अमृत सरोवरों पर लगा योग शिविर



प्रखर दानगंज वाराणसी। विकास खंड चोलापुर क्षेत्र में 9वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुद्धवार को लखनपुर, लालमन कोट, महदां, मंगोलेपुर, बेनीपुर कला, टिसौरा, लांखी, जरीयारी, दानगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों एवं ग्राम सभा के अमृत सरोवरों पर योगाभ्यास कर 9वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। लखनपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक एवं योग प्रशिक्षक विवेक सिंह ने योग शिविर में जुटे लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को योग अपने जिवन में नित्य क्रिया की तरह से अपना लेना चाहिए चूंकि योग करने से स्वस्थ मन, स्वस्थ चित एवं शरिर निरोग व स्वस्थ रहता है। योग मनुष्य के जिवन का एक अहम हिस्सा है, 'करो योग रहो निरोग ' की तर्ज पर प्रत्येक व्यक्ति को योग करना चाहिए।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं